ऊंचाहार, रायबरेली। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे स्थित कई करोड़ रुपए कीमत की बेस कीमती जमीन पर कब्जा करके भवन तैयार हो गए। यह सारी जमीन नगर निकाय की है। मामले में शिकायत हुई और राजस्व टीम ने जांच की तो मामले का खुलासा हुआ है। मामला नगर पंचायत के गांव इच्छनी का पुरवा का है। कई बीघे सरकारी जमीन पर कई साल पहले कब्जा करके घर बने है। मामले की शिकायत उच्च स्तर पर हुई तो जांच में एक ही परिवार के कई भवन बने हुए है। जो बंजर और खाद का गड्ढा दर्ज है। यहीं नहीं यह स्थान ऊंचाहार नगर और खोजनपुर गांव की सीमा पर होने से भूमि का आंशिक भाग खोजनपुर में आता है, जो सरकारी जमीन है। क्षेत्रीय लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि राजस्व टीम बनाकर पूरी भूमि की पैमाइस और अवैध निर्माण की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि खोजनपुर गांव की चकबंदी चल रही है, टीम में चकबंदी लेखपाल को शामिल करना आवश्यक है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

शिक्षकों को दी गयी संचारी रोग के विषय में जानकारी

बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, डलमऊ

रायबरेली, अमृत विचार। शिक्षक बच्चों को संचारी रोगों के विषय में जानकारी देंगे। उनसे बचाव के तौर तरीके सिखाए जाएंगे। प्रार्थना सभा के दौरान प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

एक जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत अब परिषदीय विद्यालय में बच्चे जागरूक किए जाएंगे। मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरवारा में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शिक्षकों को संचारी रोग के विषय में जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में सभी शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। एक से 31 जुलाई के मध्य संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बच्चे भी स्कूल आना प्रारंभ कर देंगे, जहां पर प्रार्थना सभा के दौरान सभी शिक्षक बच्चों को स्वच्छता के विषय में जानकारी देंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सभी प्रधानाध्यापक एवं संगठन के अध्यक्ष आरपी उपस्थित रहे।

तापमान में आयी गिरावट उमस ने बढ़ाई लोगों की बेचैनी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। बीते डेढ़ माह माह पड़ रही भीषण गर्मी में जनमानस को तीनो से तापमान में गिरावट आने के बाद थोड़ी राहत तो जरूर मिली लेकिन उमस बढ़ जाने से लोगों की बेचैनी बढ़ गई। उमस से लोग पूरे दिन बेचैन रहते है उन्हें कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को पारा 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा लेकिन गर्मी से राहत नही मिल पाई।

दो दिनों से सुबह आसमान में छिटपुट बादल छाए रहने से मौसम ने थोड़ा सुकून देता है लेकिन दिन जैसे-जैसे चढ़ता है उमस तेज होती चली जाती है। दोपहर में तो लोगों की हालत बिल्कुल ही खराब हो रही है। एक तरफ धूप तो दूसरी ओर मन बेचैन कर देने वाली उमस ने जनजीवन को त्रस्त कर दिया। इसमें बिजली ने रोजमर्रा की तरह से ही लोगों को रूलाने का काम किया। बिजली के बिना लोग पूरे दिन बिलबिलाते रहे। शहर से लेकर गांव तक में पूरे दिन बिजली के आने-जाने का क्रम जारी रहता है। ऐसे में गर्मी से त्रस्त हो चुके लोग आजिज होकर भगवान से बारिश की गुहार लगा रहे है। मंगलवार को धूप व उमस के बीच लोग बाजारों में लोगो की भीड़ भी कम दिखी। तापमान में गिरावट के बावजूद मौसम की तल्खी व उमस से लोगों को भी कहीं चैन नहीं मिल रहा है। उमस और गर्मी से हो रही शरीर में चिपचिपाहट से लोग परेशान है। अस्पतालों में अभी भी मरीजो की संख्या में कमी नही हो रही है।

धूप से बचाव करतीं युवतियां।

किसानों को अब बारिश का इंतजार

रायबरेली। बीते माह से पड़ रही गर्मी से आम जनमानस बेहाल है। ऐसे में अब जहां सभी लोग बारिश को लेकर भगवान से प्रार्थना कर रहे है। वही किसानों को भी पानी की सख्त जरूरत है। इस समय किसान धान की बेढ के लिए खेतो को तैयार कर रहे है और कई लोग अपने निजी स्रोतों से खेतों में पानी भर कर बेढ भी लगा रहे है, लेकिन अभी बहुत किसान आसमानी बारिश के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे है।

गरीबों को अगस्त में मिलेगा मुफ्त अनाज का लाभ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि बताया कि अगस्त माह में निःशुल्क वितरण किया जायेगा। एनआईसी की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार रायबरेली में अन्त्योदय अन्न योजना के 101913 राशनकार्डों (341210 यूनिट) एवं पात्र गृहस्थी योजना के 458915 राशनकार्डों से संबंध 1910367 यूनिटों के लिए कुल 13118.790 मीट्रिक टन गेहूं और चावल का आवंटन किया गया है।

डीएम ने सभी एसडीएम, जिला पूर्ति अधिकारी व जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली को शासन एवं खाद्यायुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए माह अगस्त के लिए नगर निकायवारव विकास खण्डवार निर्गत गेहूं व चावल के आवंटन का दुकानवार आवंटन व ब्रेकअप निर्गत करते हुए, समयान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार उठान/निर्गमन कराना सुनिश्चित करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अन्त्योदय अन्न योजना के 101913 राशनकार्ड हैं, जिसमें यूनिटों की संख्या 341210 है। पात्र गृहस्थी में 458915 राशनकार्ड हैं, जिसमें यूनिटों की संख्या 1910367 है। इस प्रकार अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी के कुल राशनकाडों की संख्या 560828 है। जिसमें सम्बद्ध यूनिटों की संख्या 2251577 है। डीएम ने कहा कि खाद्यायुक्त के आवंटन आदेश के अनुसार नगर निकायवार प्रचलित राशनकार्डों एवं उनसे संबंध यूनिटों के आधार पर निर्धारित मानक के अनुसार आवंटन किया गया है। डीएम ने खाद्यायुक्त से मिले आवंटन के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत जनपद में प्रति कार्ड धारक 14 किग्रा गेहूँ व 21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा) खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

आक्रोश निजी नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम कोर्स में भी प्रवेश परीक्षा लागू होने का प्राइवेट कॉलेज कर रहे विरोध

जीएनएम कोर्स से वंचित हो जाएंगी गरीब बालिकाएं

संवाददाता, लालगंज

रायबरेली। अब उत्तर प्रदेश सरकार जीएनएम नर्स प्रशिक्षण के लिए भी बीएससी नर्सिंग की तरह प्रवेश परीक्षा कराने जा रही है जिसका गांव गरीब के बच्चों पर विपरीत असर पड़ेगा और गांव गरीब की बालिकाएं जीएनएम कोर्स से वंचित हो जाएंगी।

लालगंज के प्रसिद्ध रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की निदेशक डॉ. मोनिका मिश्रा ने प्रवेश परीक्षा पर आक्रोश जताते हुए कहा कि अफसर शाही के इशारे पर प्रदेश सरकार द्वारा निजी नर्सिंग कॉलेजों में जी.एन.एम. कोर्स में भी प्रवेश परीक्षा लागू कर दी गई है। जिसका सभी नर्सिंग व पैरामेडिकल से संबंधित प्राइवेट कॉलेज विरोध कर रहे हैं।

डॉ मोनिका मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में प्राइवेट विश्वविद्यालयों को नर्सिंग व पैरामेडिकल डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सीधे ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है, जबकि उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्राइवेट संस्थानों में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउन्सलिंग से होता है जिसके कारण संबंध संस्थानों की सीटें खाली रहती है तथा पात्र छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं, जहां एक ओर प्राइवेट विश्वविद्यालय के नर्सिंग पाठ्यक्रमों में लाखों रुपये फीस लेकर सीधे प्रवेश हो रहे हैं। वहीं, छोटे संस्थान सीट्स भरने को तरस रहे है तथा कुछ बंद होने की कगार पर हैं। प्रवेश के लिए देश भर में एक नियम लागू होना चाहिए।

डॉ. मोनिका मिश्रा ने कहा कि जल्द ही एसोसिएशन के पदाधिकारी केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियो से भेंट कर नयी नीति को रोक कर अगले वर्ष से लागू करने की मांग करेंगे और आवश्यकता पड़ी तो विद्यार्थियों के भविष्य की लड़ाई के लिए न्यायालय तक भी जायेंगे। रघुवीर इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष रमेश दीक्षित ने भी विरोध जताते हुए कहा कि प्रवेश परीक्षा के जरिए गांव गरीब की छात्राओं को जीएनएम में एडमिशन नहीं मिलेगा। वास्तव में गांव गरीब की छात्राएं अपने पास के स्कूल में एडमिशन करा कर किस्त में धीरे-धीरे फीस जमा कर किसी तरह जीएनएम कर लेती थी जिस पर प्रवेश परीक्षा लाद कर सरकार ने गरीबों के सपनों पर कुठाराघात किया है।

अचानक प्रवेश परीक्षा से छात्र-छात्राओं पर जीएनएम में प्रवेश फीस तथा काउन्सलिंग फीस से अभिवावको पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा साथ ही सेंटर दूर होने काभी व्यय उठाना पड़ेगा। दूसरे शहर में एडमिशन होने पर छात्राओं को आर्थिक खर्च के साथ-साथ भारी परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड में सीधे प्रवेश होते हैं। अगर उत्तर प्रदेश में प्रवेश नीति बदली जायेगी तो प्रदेश के विद्यार्थी अन्य प्रदेशों में सीधे प्रवेश के लिए जायेंगे। इससे यूपी के संस्थानों को करोड़ों का वित्तीय नुक्सान होगा। उन्होने कहा कि 22 जून को समाचार पत्र में जीएनएम के प्रवेश परीक्षा का विज्ञापन छपा है जिसको देखकर सरकार की तानाशाही प्रदर्शित होती है। एक माह के अन्दर प्रवेश परीक्षा का फॉर्म, प्रवेश परीक्षा व परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जबकि अब तक किसी भी विद्यार्थी को इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा से गुजरना होगा इसकी जानकारी नहीं है। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्रबंधकों ने नई नीति को स्थगित किए जाने की मांग की है।

धूमधाम से मनाई गई ईद-ए-गदीर

संवाददाता, ऊंचाहार

रायबरेली, अमृत विचार। मुस्लिम महीना बकरीद की 18 तारीख यानी मंगलवार को शिया मुसलमानों ने ईद-ए-गदीर का त्योहार धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया। इस मौके पर लोगों ने नए कपड़े पहने और एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की। इसके बाद दुआओं का सिलसिला चला। अकीदतमंदों ने रोजा भी रखा।

इस मौके पर ऊंचाहार कस्बा के मस्जिद नूर मियां में महफिल हुई। इस महफिल में मकामी शायरों ने हजरत अली अ. की शान में कसीदे पढ़े। ताबिश हैदर ने पढ़ा कि नबी के बाद तो रहबर बना दिए लेकिन, कहीं गदीर सा मिंबर मिले तो ले आओ, अली की बात बड़ी है अली तो मौला हैं। जवाब ए हजरत कंबर मिले तो ले आओ। महफिल के बाद मौलाना हसनैन मुस्फाबादी ने अपनी तकरीर में गदीर का वाकया बयान किया।उन्होंने बताया कि जिल हज की 18 तारीख को पैगंबर-ए-अकरम हज के बाद वापस लौट रहे थे। गदीर खुम के मैदान में सारे हाजियों को रोका गया। ऊंट की काठियों का मिंबर बनाया गया। इस पर आकर पैगंबर ए अकरम हजरत मुहम्मद मुस्तफा स. ने अपने हाथों पर हजरत अली को उठाया और बोले- मन कुंतो मौला हो फ हाजा अलीयुन मौला। जिस जिस का मैं मौला उसके ये अली मौला। इस तरह, नबी करीम ने हजरत अली अ. की विलायत और खिलाफत का एलान कर दिया, तभी एक हारिस नाम का शख्स मजमे से निकला और बोला कि ऐ पैगंबर ए अकरम अगर आपने हजरत अली अ. को हम सबका सरदार और खलीफा बनाने का एलान अपनी तरफ से किया है तो आप पर अजाब नाजिल हो और अगर खुदा के हुक्म से किया है तो मुझ (हारिस) पर अजाब नाजिल हो। उसी वक्त आसमान से एक बड़ा सा पत्थर आया और हारिस उस अजाब का शिकार हो कर फना हो गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डा अजहर अब्बास नक़वी, वजीर हैदर, आदि मौजूद थे।

ईद-ए-गदीर की महफिल में मौलाना की तकरीर पर उत्साह बढ़ाते लोग।

एक नजर

आम तोड़ते समय पेड़ से गिरा किशोर, रेफर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय फिसलकर एक किशोर नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको सीएचसी से गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा मंगलवार की दोपहर हुआ है। क्षेत्र के गांव गढ़ी मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी रामराज का बेटा हिमांशु (12) गांव के बाहर एक बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। आम तोड़ते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और पेड़ से नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण बाग पहुंचे और किशोर को लेकर सीएचसी आए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की गंभीर दशा को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि किशोर को आंतरिक चोटें लगी है। उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

एक दिवसीय रोजगार मेला 29 जून को

रायबरेली, अमृत विचार। जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "मिशन रोजगार" के अन्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) गोराबाजार में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 29 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 3 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाईस्कूल, इंटर, स्नातक व आईटीआई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने के लिये विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यथियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बढ़ाये सरकार : गिरीश नारायण

पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे को सम्मानित करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता लालगंज

रायबरेली, अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पुरोधा और बाद में सरेनी विधानसभा से विधायक बने उत्तर प्रदेश सरकार में विधि न्याय मंत्री रहे गिरीश नारायण पांडे को उनके आवास पर पहुंचकर आपातकाल की 50वें वर्ष पर उन्हें पार्टी की टोपी व शाल ओढ़ाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। पूर्व मंत्री व लोकतंत्र सेनानी गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि भाजपा की सरकार को लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर सुशील शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, आरएसएस के जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी, पूर्व नगर संघ चालक रवि बाजपेई, भाजपा नेता कैलाश बाजपेई, रवि नंदन सिंह चौहान, अशोक शुक्ला, सुरेंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, नागेंद्र सिंह, राजन अवस्थी, सतीश पटवा, कौशलेंद्र सोनी, गोविंद, विजय बाजपेई, ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, शिवम गुप्ता, अक्षत पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री बोले- फर्जी आरोपों में गिरफ्तार किए गये थे विपक्षी कार्यकर्ता

लालगंज, रायबरेली। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। सड़कों पर चारों तरफ पुलिस ही पुलिस दिखाई पड़ती थी। काले कानून के भय से लोग अपने-अपने घरों में छुप गए थे। सरकार लोगों को पकड़ कर नसबंदी करा रही थी। यह जानकारी आपातकाल में 11 महीने जेल की सजा काटने वाले पूर्व मंत्री लोकतंत्र सेनानी गिरीश नारायण पांडे ने दी। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के संस्मरण सुनाते हुए उन्होंने कहा कि उस रात रिमझिम बारिश हो रही थी, तभी रात में उनके पान दरीबा आवास का दरवाजा खटखटाया गया, जब वह बाहर निकले तो दरोगा रामदेव खड़े थे और उन्होंने कहा कि आपको थाने में एसडीएम ने बुलाया है। थाने से ही उन्हें रायबरेली कोतवाली भेज दिया गया, जहां पर संघ के अन्य कार्यकर्ता जिनमें एडवोकेट रामगोपाल तिवारी, जिला संघ चालक रामशंकर आदि लोग भी पुलिस विरासत में थे। उन्हें सबके साथ जिला जेल भेज दिया गया। पूर्व मंत्री गिरीश ने बताया कि उन पर पुलिस ने आरोप लगाया था कि हम लोग पान दरीबा लालगंज में दरी बिछाकर और गैस बत्ती के उजाले में इंदिरा सरकार के खिलाफ विद्रोह की योजना बना रहे थे। लोगों को सरकार के खिलाफ उकसा रहे थे। इंदिरा सरकार के तख्ता पलटने की योजना बनाने के भी आरोप थे। लेकिन तत्कालीन डीएम ने आपत्ति को दरकिनार कर दिया था। कोर्ट के आदेश पर हम लोग जेल से छूटे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करने वाली तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पौत्र आज भाजपा पर संविधान नष्ट करने का आरोप लगा रहे हैं उन्हें तो आपातकाल के लिए देश से क्षमा मांगनी चाहिए। संविधान नष्ट करने का काम तो कांग्रेस ने किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आज सत्ता के लिए राहुल गांधी के गले मिले हुए हैं, जबकि उनके पिता मुलायम सिंह यादव आपातकाल में जेल गए थे।

एनसीसी कैडेट्स को आग बुझाने का दिया गया प्रशिक्षण

रायन इंटरनेशनल स्कूल में आग बुझाने का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। रायन इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन जिला फायर पुलिस सर्विस के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। एलएफएम गंगाधर मिश्रा ने छात्रों को पांच प्रकार की आग के बारे में विस्तार से बताया। एफएसडी जयप्रकाश यादव ने गैस सिलेंडर में लगी आग को कैसे पानी के द्वारा बुझाते हैं इसका डेमोंसट्रेशन दिया।

एफएम साई प्रताप ने पेट्रोल की आग को फायर डिस्ट्रीब्यूटर की मदद से बुझाना सिखाया। गंगाधर मिश्रा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। सिलेंडर को धीरे से किसी उपकरण की सहायता से बाहर निकाले, किसी भी परिस्थिति में सिलेंडर नीचे नहीं गिराना चाहिए, इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग आग लगने के दौरान नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को बीटिंग मेथड से भी आग बुझाने के तरीकों को समझाया। हवलदार अनिल एनसीसी कैडेट्स को सेल्यूट करना सिखाया। सूबेदार धीरज ने एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेवा के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया।

सूबेदार दर्शन सिंह की देखरेख में एनसीसी कैडेट्स के बीच में डिबेट कंपटीशन कराया गया। बालिका एनसीसी कैडेट्स को लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार क्रेडिट स्कोर कम्युनिकेशन और अपॉइंटमेंट कोड के बारे में बताया। सूबेदार जगमोहन ने कैडेट्स को टोपोग्राफिकल फॉर्म एंड टेक्निकल टर्म ऑफ आर्मी के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संजीव खुराना, सूबेदार मेजर धनदेव, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रघुवीर सिंह, फर्स्ट अफसर अभिषेक द्विवेदी, हवलदार देवेंद्र सिंह, पुष्प, हरजीत, भगवान सिंह सहित समस्त एनसीसी बटालियन का स्टाफ उपस्थित था।

अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

बहादुर नगर ग्राम पंचायत का मामला, मौके पर मौजूद रहे नायब तहसीलदार

संवाददाता, शिवगढ़

अवैध निर्माण को ढहाता प्रशासन का बुलडोजर। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बख्शीखेड़ा मजरे बहादुर में चारागाह की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर गिरवा दिया है। तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही से सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं में हडकम्प मच गया है।

गौरतलब हो कि महराजगंज उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता को शिकायत मिली थी कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बक्शीखेड़ा मजरे बहादुर नगर में चारागाह के नाम से दर्ज भूमिगत संख्या गाटा संख्या 1287 पर अवैध रूप से निर्माण करके कब्जा किया गया है। शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बछरावां नायब तहसीलदार सत्या राज को जांचकर चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार की दोपहर लेखपाल अवनीश प्रताप सिंह, लेखपाल सुशील शर्मा, लेखपाल शिवेंद्र रावत, राजस्व निरीक्षक सूर्यपाल, राजस्व निरीक्षक रामसेवक के साथ मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार सत्या राज ने पैमाइश कराई तो शिकायत सत्य पाई गई। बख्शीखेड़ा गांव के रहने वाले हनुमान पुत्र शंभू द्वारा चारागाह की भूमि गाटा संख्या 1287 पर अवैध रूप से निर्माण किया गया था। जिसके पश्चात नायब तहसीलदार सत्या राज ने बुलडोजर बुलवाकर शिवगढ़ पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हनुमान द्वारा कराए गए अवैध निर्माण को गिरवाकर ध्वस्त करा दिया तथा जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए हनुमान को सख्त हिदायत दी। दोबारा चारागाह की जमीन पर कब्जे की पुनरावृत्ति न हो। नायब तहसीलदार सत्या राज ने बताया कि शिकायत हुई थी कि बक्शीखेड़ा मजरे बहादुर नगर में चारागाह की भूमि गाटा संख्या 1287 पर अवैध कब्जा हुआ है। एसडीएम साहब के आदेश के क्रम में जांच कराई गई तो शिकायत सत्य पाई गई। अवैध निर्माण को गिरवाकर चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया गया है।

चौकीदार से मारपीट और लूट का आरोप

लालगंज, रायबरेली। मातादीन लालगंज कोतवाली में तैनात चौकीदार सोमवार रात 10 बजे के करीब लालगंज आ रहा था, तभी रास्ते में सिद्ध विनायक स्कूल के पास बाइक सवार लोगों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मारपीट करने वाले युवक चौकीदार के परिचित थे। रास्ते में रोक कर चौकीदार से वाद विवाद कर रहा था। इस बीच रविशंकर वहां पहुंच गया। उसके साथ भी युवकों ने मारपीट की है। चौकीदार ने लूट की बात बताई है।मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी सत्यम सिंह और उनके साथियों की तलाश हो रही है। पकड़ में आने पर सही घटना का पता चलेगा। और आरोपियां के खिलाफ कड़ी कार्रवाईकी जायेगी।

सुनील साहू बने सलोन तहसील अध्यक्ष

बैठक में मनोनीत व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। यूपी युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें सलोन व्यापार मंडल के गठन पर चर्चा हुई। बैठक में सलोन की 9 सदस्य कोर कमेटी ने चौधरी सऊद को सलोन अध्यक्ष, सुनील साहू को तहसील अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी ने समर्थन किया। बैठक के बाद अध्यक्ष सुनील साहू को तहसील अध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता को महामंत्री, दिनेश कौशल को युवा अध्यक्ष, दिनेश अग्रहरि को उपाध्यक्ष, राकेश चंद्र को मंत्री, पवन अग्रहरि को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री राज नारायण, प्रदेश युवा मंत्री सोनू वर्मा, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रभाकर गुप्ता, संदीप शुक्ला जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष आलोक सिंह उपस्थित रहे। संचालन नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया।

बिजली समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर 'सात सूत्रीय' ज्ञापन सौपा।

जिला प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में विद्युत आपूर्ति की विकराल समस्या हो गई है, जिसके फलस्वरुप आम जन, किसान, व्यापारी, छात्र आदि वर्ग के सामने संकट पैदा हो गया है, चूंकि धान की रोपाई का समय चल रहा है। विद्युत आपूर्ति न रहने के कारण किसान अपने खेतों में धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है और धान की नर्सरी सूख रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जिले में व्याप्त बिजली कटौती से अविलम्ब निजात दिलाई जाये, बिजली की ट्रिपिंग व लो-वोल्टेज की समस्या दूर की जाये, तमाम विद्युत उपकेन्द्र पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। विद्युत उपकेन्द्र शिवगढ़ व कठगर की जर्जर व्यवस्था के कारण सैकड़ो गांव बिजली की समस्या की चपेट में है, इस समस्या से इन्हे तत्काल राहत दिलाई जाये, जर्जर व पुराने तारो को अविलम्ब बदला जाये, जिन गांव या शहर में ट्रान्सफार्मर कम क्षमता के लगे है, उन्हे तुरन्त उच्च क्षमता में बदला जाये और विद्युत उपकेन्द्रो में संयत्र की समुचित व्यवस्था की जाये। कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि जनहित में उपरोक्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में अविलम्ब सुधार किया जाये अन्यथा आम जन सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगा। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला, प्रत्याषी विधानसभा सदर डा मनीष सिंह चौहान, प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

Pervinder Singh S/o Sukhvinder Singh R/o Bhoopatipurva Nighasan District Kheri lost his High school marksheet Roll no 0964927 passed 2019 and Intermediate Marksheet Roll no 215807489 passed 2021, Mob: 9919600276

सूचना

मैंने अपना नाम VARISH से बदलकर MOHAMMAD VARIS रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MAJID, ADD- HARDOI ROAD BEHIND GADDI BAGIYA, ZAHID NAGAR, SIKRAURI KAKORI, LUCKNOW-226101 (U.P.)**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरा पुत्र रितेश मेरा कहना नहीं मानता है। रितेश का आचरण ठीक नहीं है, जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के प्रति मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं हैं और न होगा। अपने किए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **राम सजीवन पुत्र रामकृष्ण निवासी पूरे अंबर वीर डिहवा मजरे दतौली थाना लालगंज जिला रायबरेली उ0प्र0।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्रवधू सोनी पत्नी स्व. राजीव कुमार से संबध विच्छेद कर अपनी सभी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए सभी कार्यो की वह स्वंय जिम्मेदार होगी। मेरा कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा। **शिवनाथ सिंह पुत्र राजाराम निवासी हसेरन तहसील तिर्वा कन्नौज।**

सूचना

मु0अ0सं0 107/23 धारा 354, 294, 323, 504 iPC व 9 छ/10 पाक्सो एक्ट थाना राजपुर का0दे0 से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद उर्फ कल्लू पुत्र राजनरायन नि0 ग्राम भाल थाना राजपुर का0दे0 के मा0 न्यायालय हाजिर नहीं होने पर कुर्की की उद्घोषणा का आदेश मा0 न्यायालय कानपुर देहात द्वारा जारी किया गया यदि अभियुक्त प्रमोद दि0 13/07/2024 तक हाजिर नहीं हुआ तो उसके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

पंकज कुमार
(उ0नि0)
थाना राजपुर, जनपद का0दे0

शिक्षकों ने सीखे गणित को रुचिकर बनाने के गुण

- **रुचिपूर्ण गणित व प्रतियोगी गणित विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

संवाददाता, रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षण देतीं प्रशिक्षिका इशिता मुखर्जी।

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में गणित विषय के शिक्षकों के लिए रुचिपूर्ण शिक्षण के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गणित जैसे जटिल विषय को रुचिकर बनाते हुए कैसे पढ़ाये, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गणित की तैयारी को लेकर प्रशिक्षिका इशिता मुखर्जी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण में बताया कि गणित विषय को हंसते-हंसते भी सरलता से पढ़ाया जा सकता है, इससे विद्यार्थी ऊबेंगे नहीं और विषय को सरलता से आत्मसात कर सकेंगे।

विद्यालय के प्रधानचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यार्थियों की उन्नति के लिए समय-समय पर विषयवार कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। ऐसी कार्यशालाओं से शिक्षकों में आत्मविश्वास की बृद्धि होती है और वह शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नित नए बदलावों से रूबरू भी होते हैं।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, कफील अहमद, शिवकरन पाल, अनूप सिंह, अमित मौर्या, शरद अवस्थी, अपर्णा मिश्रा, कायनात जैदी, मनीसा मौर्या, मंजू शर्मा, आशीष कुमार, दीपिका, श्रद्धा अवस्थी, अंशिका शुक्ला, निशी सिंह, माया देवी, शिवम सिंह, रामदेव, मो. कामरान सिद्दीकी सहित विषय शिक्षक मौजूद रहे।

सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। निजी कार्यक्रम में शामिल होने जौनपुर जा रहे सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का नूरुद्दीनपुर टोल पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सपाइयों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लोकसभा चुनाव परिणाम से गदगद प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ का आभार प्रकट करते हुए उन्हें विधान सभा तैयारी में जुट जाने का आह्वाहन किया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। प्रत्येक जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पेपर लीक नहीं होते थे और उस समय युवाओं को नौकरी मिलती थी लेकिन भाजपा सरकार में युवाओं का सपना पेपर लीक ही समाप्त हो जाता है। उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार से ऊब चुकी है। 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पुन: समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, पुत्तन यादव, राम किशोर यादव, मलखान सिंह, दिव्यांशु सोनकर, असरफ मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

मनमानी गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में चल रहा है मिट्टी भराई का काम, डंपरों पर अंकुश लगा पाना प्रशासन के लिए बना चुनौती

सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं मिट्टी लदे ओवरलोड डंपर

संवाददाता, रायबरेली

सड़क से गुजरता मिट्टी लदा ओवरलोड डंपर। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले से होकर गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अलग अलग क्षेत्रो में तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य मे लगी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा मानकों को ताक पर रख कार्य कराया जा रहा है। एक्सप्रेस वे में बड़ी तादाद में मिट्टी की भराई का काम चल रहा है। जिसको लेकर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा खनन कराया जाता है। लालगंज के ऐहार के पास बन रहे एक्सप्रेस वे के बाईपास में भी इन दिनों काम चल रहा है और जमकर आसपास खनन भी हो रहा है। जिसकी वजह क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। जिम्मेदार खनन विभाग ने इस ओर अपनी आंखें बंद कर ली हैं जबकि यहां व आसपास क्षेत्र में खनन जोरों पर चल रहा है। सड़कों पर बेरोकटोक दौड़ते डंपरों से जहां आसपास की सड़के खराब हो रही है, वही सड़को पर लोगो का चलना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अब तक खनन विभाग की ओर से यहां कोई कार्रवाई भी नहीं की जाती है। जिले के लालगंज, सेमरी, सलोन, ऊंचाहार जगतपुर व भदोखर क्षेत्र से गंगा एक्सप्रेस वे गुजर रहा है। लालगंज के ऐहार स्थित टोल प्लाजा के पास बाईपास बनाया गया है। इन दिनों इस बाईपास में मिट्टी भराई का काम तेजी से चल रहा है, जिसमें मिट्टी भराई को लेकर आसपास के इलाकों में जमकर खनन किया जा रहा है। रेल कोच के पास स्थित जमुरावा गांव में खनन हो रहा है लेकिन खनन विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने से कतराते नजर आ रहे हैं।

खनन के बाद ओवरलोड डंपर मिट्टी लादकर टोलप्लाज़ा से निकलते है लेकिन वहां पर भी कोई कार्रवाई नही होती है। सुबह से रात तक बिना नम्बरो के ओवरलोड डंपर सड़को पर फर्राटा भरते है। इसी रास्ते से अधिकारियों का भी आना जाना रहता है लेकिन किसी ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया। बताया जाता है कि खनन कार्य मे लगी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पहले खनन कराने का परमिशन लेते है और बाद में अपनी मनमानी से काम कराते है।

> लालगंज क्षेत्र में अवैध खनन की जानकारी है, लेकिन मैं अभी जांच के सिलसिले में बाहर आया हूँ। वापस आने के बाद मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जाएगी। मानक के विपरीत होने पर कार्रवाई की जायेगी।
>
> –उमाकांत, खनन अधिकारी रायबरेली

ससुरालीजनों पर जान से मारने का आरोप

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत औना सदरा गांव निवासी महिला कविता देवी ने आरोप लगाया कि 21 जून को वह बच्चों के साथ कमरे में लेटी हुई थी तभी ससुरालजनों ने उसे जलाने का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद वह झुलस गई। देवर गणेश ने उसके साथ कुछ दिन पूर्व मारपीट की थी। जिसकी शिकायत स्थानीय कोतवाली में की थी। शिकायत वापस लेने को लेकर पति राम लोचन, देवर-देवरानी और सास दबाव बना रहे थे। जिसके बाद सभी ने मिलकर उसे जलाने का प्रयास किया था। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मेंथा तेल के दाम में आयी गिरावट से किसानों की नहीं निकल पा रही लागत

सचिन कुमार, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : इस बार पड़ी भीषण गर्मी से हरख क्षेत्र में हरा सोना यानी पिपरमिंट (मेंथा) का उत्पादन काफी कम हुआ। हीटवेव के चलते फसल में पौधे पनप ही नहीं पाए, ज्यादा टहनियां और पत्ते नहीं हुए तो तेल भी कम निकल रहा है। इसके अलावा बाजार में मेंथा तेल के मूल्य में आई भारी गिरावट के चलते किसानों की कमर टूट गई है। किसान इस बार लागत तक डूबने की बात कह रहे हैं। यही वजह है कि क्षेत्र के किसानों का अब इस खेती से अब मोह भंग होने लगा है। मंदी के कारण इलाके में किसान मेंथा की जगह अपने खेतों को खाली छोड़ना बेहतर समझ रहे हैं। पिपरमिंट

मेंथा की पेराई करता किसान (फाइल फोटो)

का उत्पादन जिले में पहले जो करीब एक लाख हेक्टेअर में होता था, उसका रकबा तकरीबन बीस फीसदी तक घट गया है। नतीजा यह है कि मई-जून के महीने में मेंथा की खुशबू से गुलजार रहने वाले खेत-खलिहान इस बार उजाड़ नजर आ रहे हैं।

हरख क्षेत्र ने पिछले एक दशक से औषधीय पौधों की खेती में काफी उन्नत की थी। खासकर मेंथा उत्पादन में यह क्षेत्र पूरे पूर्वांचल में अपनी अलग पहचान बना चुका था। मेंथा उत्पादन के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए ही यहां के लोग बड़े स्तर पर इसकी खेती करने लगे थे। यहां के किसानों ने दूसरी नकदी फसलों की जगह मेंथा के उत्पादन को बढ़ा दिया। जिससे यहां प्रतिवर्ष मेंथा का उत्पादन अधिक हो गया। अभी तक मेंथा तेल की कीमत अमूमन हजार रुपये प्रति किलो के आसपास रहती थी। जिससे किसानों को संतोषजनक मुनाफा मिल जाता था। लेकिन इस वर्ष तेल की कीमत गिरकर आठ सौ अस्सी रुपये प्रति किलो के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।

क्या बोले किसान

रामखेलावन।

मेंथा उत्पादक किसान रामखेलावन चौधरी ने बताया कि एक दशक पूर्व जब मेंथा की खेती की शुरुआत की थी। उस समय मेंथा तेल की कीमत अच्छी थी। लेकिन इधर कई वर्षों से तेल की कीमतों में गिरावट होने से किसानों की कमर टूट गई है। अब मेंथा की खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है।

ऋषि कुमार अन्ना।

मेंथा उत्पादक ऋषि कुमार अन्ना ने बताया कि मेंथा की खेती के लिए बीज तैयार करने, रोपाई, सिंचाई, निराई, कटाई और पेराई पर प्रति बीघा करीब 25 से 30 हजार रुपये का खर्च आता है, लेकिन मूल्य कम रहने के कारण हर वर्ष उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

रामपाल यादव।

मेंथा उत्पादक रामपाल यादव ने कहा कि पहले वह कई बीघा में मेंथा की खेती करते थे, लेकिन अब इस खेती में अधिक मेहनत लगती है और दाम भी ठीक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने किसानों के मेंथा की खेती छोड़ने के लिए सरकार की नीतियों को भी जिम्मेदार बताया।

बिंद्रा प्रसाद रावत।

मेंथा उत्पादक बिंद्रा प्रसाद रावत ने कहा कि फसल को तैयार करना अब बहुत मुश्किल हो गया है। नहरों का साधन खेतों तक नहीं है, जिस कारण पंपिंग सेट और से मेंथा फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, लेकिन मेंथा तेल की कीमत सही नहीं मिल पा रही है।

निर्यात कम होने का असर

व्यापारी बृजेश यादव के मुताबिक बाराबंकी मेंथा उत्पादन में बड़ी हिस्सेदारी रखता है। विदेश में चीन इसका सबसे बड़ा हब है। इसके अलावा अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका में भी इसका निर्यात होता है। लेकिन इस समय चीन व अन्य जगहों पर निर्यात न होने से रेट पर सीधा असर पड़ा है।

"मेंथा के अलावा किसान अब और भी दूसरी मुनाफे वाली खेती करने लगे हैं। जिसमें उन्हें कम समय में ज्यादा मुनाफा मिल जाता है। इस वजह से मेंथा के रकबे में कुछ कमी हो सकती है। जिले में अब भी मेंथा की अच्छी पैदावार हो रही है।"

–**महेश कुमार श्रीवास्तव**, जिला उद्यान अधिकारी

60-70 फीसदी तक कम निकल रहा है तेल

किसान राजू ने बताया कि मेंथा की खेती के लिए अनुकूल तापमान 20 से 40 डिग्री सेल्सियस होता है। क्योंकि मेंथा का तेल उसकी पत्तियों में होता है, इसलिए पौधे में ज्यादा कल्ले और पत्तियां जरूरी होती हैं। हीट वेव के कहर से इस बार मेंथा में 60–70 फीसदी तक तेल कम निकल रहा है।

नहीं मिला कृषि का दर्जा

किसान प्रदीप ने बताया कि मेंथा की खेती को कृषि का दर्जा नहीं मिल पाया है। हालांकि पिछले कई वर्षों से इसे कृषि का दर्जा देने की मांग करते आ रहे हैं। बीमा न हो पाने से फसल बर्बाद होने पर किसानों को सीधा नुकसान होता है।

प्रधानों को नोटिस, चार सफाईकर्मी निलंबित

डीपीआरओ ने हरख के चार और बंकी ब्लाक के एक गांव का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला पंचायत राज अधिकारी नीतेश भोंडेले ने विकास खंड हरख के टिकरा मुर्तजा, टिकरा उस्मा, आदमपुर भटपुरा, सुल्तानपुर और बंकी के छेदानगर का निरीक्षण किया। यहां कमियां ही कमियां मिलीं। डीपीआरओ ने सचिव, ग्राम प्रधान को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं, चार सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

हरख के ग्राम पंचायत टिकरा मुर्तजा के पंचायत भवन का निरीक्षण किया। यहां ग्राम पंचायत सचिव की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि मोहम्मद इसरार एवं एक अन्य व्यक्ति राजू पुत्र नौमीलाल द्वारा ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से भुगतान करते हुए पकड़ा। मौके से छह नकद बाउचर, तीन बिल एवं प्रशासनिक व्यय की फाइल एवं

निरीक्षण करते डीपीआरओ।

सचिव और प्रधान के आठ डोंगल (डिजिटल हस्ताक्षर) राजू से जब्त किए गए। उन्होंने सचिव और निजी कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। वहीं, सामुदायिक शौचालय का डीपीआरओ ने निरीक्षण किया। सामुदायिक शौचालय को पुनः मरम्मत कराए जाने का निर्देश दिया। कूड़ा निस्तारण केंद्र संचालित नहीं मिला। केंद्र का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। गांव में बनी नालियां चोक मिलीं, जलभराव, कूड़े, कचरे का ढेर पाया गया। निरीक्षण के काफी समय बाद सचिव नवीन मित्तल गांव पहुंचे। डीपीआरओ ने बताया कि निरीक्षण के बाद एडीओ पंचायत को प्रधान प्रतिनिधि ने जान से मारने की धमकी दी है। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया है। मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

कर्मचारी गैरहाजिर, फैली मिली गंदगी: हरख के ग्राम पंचायत आदमपुर भटपुरा में पंचायत भवन का डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने निरीक्षण किया। भवन खुला था, गंदगी फैली हुई थी। झाड़ियों की कटाई नहीं की गई थी। सफाई कर्मचारी तेज नरायन अनुपस्थित मिले। विद्यालय के प्रांगण में जलजमाव की स्थिति मिली। टिकरा उस्मा में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय के प्रांगण में गंदगी मिली। यहां के सफाईकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

नाली निर्माण में पीली ईट का प्रयोग : ग्राम पंचायत सुल्तानपुर का निरीक्षण डीपीआरओ ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में निर्मित शौचालय एवं बच्चों के लिए बने हैंडवाश की मरम्मत योग्य मिला। ग्राम पंचायत से वित्त आयोग की धनराशि से कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। रामाशंकर के घर से पंचाराम के घर तक नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, निर्माण में पीली ईंट व मसाले में मौरंग की जगह सफेद बालू का उपयोग किया जा रहा था, जो कि निर्माण कार्य में मानक के विपरीत है। ग्राम अख्तियारपुर में पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन बंद मिला। पंचायत सहायक अनुपस्थित थीं। सामुदायिक शौचालय में ताला लगा था। प्राथमिक विद्यालय एवं सामुदायिक शौचालय तक जाने के लिए कच्चा रास्ता है। ग्राम सरांय सिकंदर में एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र तक जाने के लिए मार्ग का निर्माण नहीं हुआ था। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मचारी सकील अंसारी द्वारा ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का कार्य नहीं किया जाता है। यहां के सफाईकर्मी निलंबित किया गया है।

बंकी के छेदानगर में डीपीआरओ ने हाल देखा। यहां प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पंचायत भवन भी निर्मित मिला। भवन में समूह की एक महिला रह रही है। ग्राम सचिवालय से संबंधित कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा था। पंचायत सहायक अनुपस्थित थे। सफाई कर्मचारी उपस्थित नहीं थीं। यहां सचिव और प्रधान से जवाब मांगा गया है।

योजना को आगे बढ़ाएंगी कार्यकत्रियां

मातृ वंदना योजना

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को अब स्वास्थ्य विभाग से नहीं, बल्कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से लाभ मिलेगा क्योंकि केंद्र सरकार की इस योजना को अब हस्तांतरित कर दिया गया है। योजना के तहत प्रसूता को गर्भवती होने पर दो किस्तों मेंइ पांच हजार की धनराशि मिलती है। इस योजना में जिले की 3056 आंगनबाड़ी केंद्र की इतनी ही कार्यकत्री प्रसूताओं को लाभान्वति करने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। अब तक आशा बहुओं को पास यह जिम्मेदारी थी।

विभाग को नई योजना मिलने के बाद विकास भवन स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में इसका एक अलग पटल बनाकर प्रशिक्षित कर्मचारी को तैनात करने की दिशा में काम शुरू हो गया है।

नौ सीडीपीओ लखनऊ में ले रहीं प्रशिक्षण

जिले की नौ सीडीपीओ को लखनऊ में इस संबंध में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के 15 ब्लॉकों पर नौ सीडीपीओ की तैनाती है। छह ब्लॉक रिक्त होने से एक के जिम्मे दो-दो का चार्ज है। प्रशिक्षण लेने के बाद यह सभी सीडीपीओ अपने-अपने ब्लॉकों पर सुपरवाइजरों और वर्करों को प्रशिक्षित करेंगी। वर्तमान समय में 3052 आंगनबाड़ी केंद्रों पर वर्करों के 420 पर रिक्त हैं।

ऐसे मिलता है प्रसूताओं को लाभ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली संतान होने पर दो किस्तों में पांच हजार रुपये दिए जाते हैं। दूसरी संतान बालिका होने पर एक किस्त में छह हजार रुपये दिए जाते हैं। इस योजना में हर माह करीब सात सौ से 11 सौ तक आवेदन आने की बात कही जा रही है। सूत्रों की मानें तो दूसरे विभाग में योजना के जाने के साथ पोर्टल आदि में बदलाव को लेकर काफी संख्या में आवेदन लंबित हो गए हैं।

"पीएम मातृ वंदना योजना को संचालित करने की जिम्मेदारी अब महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग से हस्तांतरण का काम चल रहा है। आंगनबाड़ी वर्करों को जल्द ही प्रशिक्षण दिलाकर योजना का लाभ दिलाने का काम किया जाएगा। वहीं सभी सीडीपीओ लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहीं हैं।"

–**अखिलेंद्र कुमार**, डीपीओ

10 प्रतिशत कर्मचारियों के होंगे तबादले, बन रही सूची

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : अधिकारियों के साथ ही लंबे समय से जिले में जमे कर्मचारियों का भी तबादला होगा। वहीं स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्षेत्र में बदलाव होना तय है। पंचायती राज कार्यालय समेत सभी विभागों में ऐसे कर्मचारियों की तबादला सूची तैयार की जा रही है। 30 जून तक सभी तबादले किए जाएंगे।

बताया जा रहा है कि सभी विभागों में 10 प्रतिशत कर्मचारियों का तबादले का मानक तय किया गया है। दूसरी ओर अधिकारियों की बात करें तो मंडल या जिलेस्तर पर दस या तीन साल की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों का भी तबादला तय माना जा रहा है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले ने बताया कि दस प्रतिशत कर्मचारियों का तबादला को लेकर सूची बन रही है।

उन्नाव से आए दो एडीओ पंचायत

पंचायती राज कार्यालय में उन्नाव से दो एडीओ पंचायत आए हैं। जबकि जिले से तीन या चार एडीओ पंचायत के साथ एक बीडीओ का भी तबादला होना है। बीडीओ की तैनाती भी डीएम के अनुमोदन पर की जाएगी।

30 जून तक किसान कर सकते हैं आवेदन

हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार : निःशुल्क हुई सिंचाई खुशहाली घर आई योजना के तहत 1 अप्रैल 2023 से किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 30 जून तक बिजली विभाग की वेबसाइट www.uppcl.org पर पंजीकरण करवा लें। हैदरगढ़ डिवीजन के अधिशासी अभियंता पीके गौतम ने बताया कि वेबसाइट पर पंजीकरण कराने के अतिरिक्त किसी भी विभागीय खंड व जनसेवा केंद्र में पंजीकरण करवा सकते हैं।

निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

सतरिख, बाराबंकी: अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। डीडीओ ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। हरख के शरीफाबाद ग्राम पंचायत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में धांधली की जा रही है। डीडीओ भूषण कुमार ने बताया है कि शिकायत नहीं मिली है लेकिन कार्य मानक के विपरीत हो रहा है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रामनगर: पुल की मरम्मत कराना भूला विभाग

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : चौकाघाट-मरकामऊ मार्ग के मध्य स्थित कटका नाले पर बना पुल महीनों पहले जर्जर हो गया था। हादसों से छुटकारा पाने के लिए हाईट गेट लगाकर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पुल का मरम्मत कार्य करवाना भूल गए। जिससे भारी वाहनों को आवागमन ठप है। जो एक महीने बाद होने वाले महादेवा धाम के सावनी मेले पर भारी पड़ सकता है। कटका नाले पर बना पुल करीब दो माह पूर्व जर्जर हो गया था। भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए चौकाघाट मोड़ के पास हाइट गेट लगा दिया गया। ऐसे में लोधेश्वर महादेवा के सावनी मेले में इस रास्ते से आने वाले भक्तो को भी कठिनाई उठानी पड़ेगी क्योंकि उन्हें भी 10 किमी रामनगर घूम कर जाना पड़ेगा।

इस पुल को देखने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता व लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता तथा जिले के दोनों विभागों के अफसर आ चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अजीत पटेल का कहना है कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसकी स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत विवियापुर विकास खण्ड दरियाबाद जनपद बाराबंकी

पत्रांक :– मेमो / ग्रा.पं. मनरेगा / राज्य वित्त / 15वां वित्त / 2024–25 दिनांक – 25/06/2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत विवियापुर में मनरेगा / राज्य वित्त / चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग / 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण / मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित की जाती है । इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक 26.06.2024 से 30.06.2024 तक ग्राम पंचायत विवियापुर** में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है । निविदा **दिनांक** 01.07.2024 को कमेटी द्वारा अपरान्ह 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

नियम / शर्ते – 1. – आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2 .– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3. – स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा । 4. – ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा । 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6. – निविदा / कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा । निविदा / कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7. – ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा । 8. – प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए । 9 – आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा ।

अफसरी बानो (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत विवियापुर
विकास खण्ड दरियाबाद, जनपद– बाराबंकी

उपकार सिंह (सचिव)
विकास खण्ड दरियाबाद, जनपद – बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत अगान पुर विकास खण्ड दरियाबाद जनपद बाराबंकी

पत्रांक :– मेमो / ग्रा.पं. मनरेगा / राज्य वित्त / 15वां वित्त / 2024–25 दिनांक – 25/06/2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत अगान पुरमें मनरेगा / राज्य वित्त / चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग / 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण / मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित की जाती है । इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक 26.06.2024 से 30.06.2024 तक ग्राम पंचायत अगान पुर** में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है । निविदा **दिनांक** 01.07.2024 को कमेटी द्वारा अपरान्ह 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

नियम / शर्ते – 1. – आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2 .– जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3. – स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा । 4. – ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग–अलग कार्यो के अनुसार फर्मो द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा । 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6. – निविदा / कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा । निविदा / कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7. – ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा । 8. – प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए । 9 – आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा ।

उर्मिला (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अगान पुर
विकास खण्ड दरियाबाद, जनपद– बाराबंकी

उपकार सिंह (सचिव)
विकास खण्ड दरियाबाद, जनपद – बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत तसीपुर विकास खण्ड दरियाबाद जनपद बाराबंकी

पत्रांक :– मेमो / ग्रा.पं. मनरेगा / राज्य वित्त / 15वां वित्त / 2024–25 दिनांक – 25/06/2024

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत तसीपुर में मनरेगा / राज्य वित्त / चौदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग / 15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज–2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण / मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यो हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 के लिए आमंत्रित की जाती है । इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक** 26.06.2024 से **30.06.2024 तक ग्राम पंचायत तसीपुर** में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है । निविदा **दिनांक** 01.07.2024 को कमेटी द्वारा अपरान्ह 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन मंगलवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। दोनों सेमी फाइनल मैच शाम को खेलें गये। पहला सेमीफाइनल मैच का मुकाबला आगरा मंडल बनाम बनारस मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में बनारस मंडल ने यह मुकाबला 9--0 से जीत लिया। खेले गए इस मैच में आंचल ने खेल के पांचवे एवं सातवें और नौवें मिनट में लगातार तीन गोल किया। इसी टीम की खिलाड़ी खुशबू पटेल ने खेल के बारहवें मिनट में एक गोल तथा कोमल ने खेल के 13वें मिनट में एक गोल दागा। इसी तरह खेल के 16 वें एवं 22वें मिनट में बनारस के खिलाड़ी ने दो गोल कर अपनी टीम को 7-0 से बढत दिलाई। दूसरा सेमीफाइनल मैच आजमगढ़ मंडल बनाम गोरखपुर मंडल के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में आजमगढ़ मंडल ने मुकाबला 1-0 से जीत लिया। खेल के 13वें मिनट में आजमगढ़ मंडल की खिलाड़ी प्रिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के खिलाफ एक गोल किया।

फुटबाल मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं,लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था,जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी

दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए,उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी","धर्मनिरपेक्ष","एकता","अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं,अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है,बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया,के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया,लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा,लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं,को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।

प्रसंगवश

भ्रामक है स्थायित्व की गणित

अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है,अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है,अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले,किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया,वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी,जो नष्ट हो गई। युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम,यानी केवल सात अक्षौहिणी,लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं,किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है,जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे,जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया,लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना,अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम,स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी । मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा,लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

सोशल फोरम

भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन

बत्तीस साल पहले की बात है,तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा,"पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है,लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है,लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?

-फेसबुक वॉल से

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जिंदगी जिंदगी से बड़ी है

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है,किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो,शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति,परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने,किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना,उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते,बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।

विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज

छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था,जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी,वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला,बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

रोग निवारक एवं परमौषधि योग

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है,सकल शरीर विज्ञान है,चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्रोत है,मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम्' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण,लिंग,जाति,धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा,प्रौढ़,पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

एक नजर

वृद्धा की अचानक बिगड़ी हालत, हुई मौत

बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला कटरा निवासी राम प्यारी की मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते हालत बिगड़ गई। यह देख उसका पौत्र रितिक आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

बिच्छू के डंक से युवक बेहाल, रेफर

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस के मजरा जुड़ई खेड़ा निवासी शिव नारायण के 25 वर्षीय बेटा रमाकांत मंगलवार को मवेशियों को चारा कर रहा था। तभी अचानक बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

जामो में बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों की गई जान

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार । जनपद के थाना क्षेत्र जामो से दर्दनाक हादसा सामने आया जहाँ बाग में आम बीनने गए दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। युवकों के मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है। युवकों के मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दोनों मृत युवक रिश्ते में चचेरे भाई थे। दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के लोरिकपुर गांव का जहाँ सुब्बा पांडेय का पुरवा रामशाहपुर गांव का रहने वाला 26 वर्षीय मुकेश पासी पुत्र नागेश्वर पास के ही गांव लोरिकपुर में अपने मौसी के घर गया था।जहाँ से वो अपनी मौसी के बेटे 25 वर्षीय रंजीत कुमार पुत्र रामसमुझ के साथ आम बीनने बाग में चला गया।आम बीनने के दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ परिजनों को दी जिसके बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पर पहुँचे और पुलिस की मदद से दोनों को जामो सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना को लेकर जामो एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई है।

चुनाव बाद सुर्खियों में भारतीय संविधान बचाने का मुद्दा

मुसाफिरखाना, अमृत विचार। लोस चुनाव बाद भी भारतीय संविधान बचाने का मुद्दा सुर्खियों में है। संसद सत्र के दौरान जहां इंडिया एलाइंस के सांसदों ने भारतीय संविधान की प्रतियों संग प्रदर्शन किया वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और सभी विपक्षी दलों पर भारतीय संविधान में तमाम संशोधन करके संविधान को कमजोर करने के आरोप लगाए हैं। बसपा सुप्रीमो की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप संगठन के काम को आगे बढ़ाने और भारतीय संविधान के मुद्दे पर सर्वसमाज के बीच जागरूकता अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के लिए 27जून को अयोध्या मंडल की बैठक बुलाई गई है।

ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत में एक की मौत

संवाददाता, जगदीशपुर

अमृत विचार। बाजार से घर वापस जा रहे बाइक सवार की ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान घायल की मृत्यु हो गई। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक निवासी माहेम ऊ जीशान उम्र 24 वर्ष बाजार से घर वापस आते समय कादूनाला के पास टैक्टर ट्राली से भीडत हो जाने के चलते बाईक सवार जीशान गंभीर रुप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान जीसान की मौत हो गई इस संबंध में थानाध्यक्ष दयाशंकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही शुरू की गई है।

ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत: अमेठी, अमृत विचार। बारहमासी के पास रेलवे पुलिया पर एक अज्ञात युवक के ट्रेन से टकराने से उसकी मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंगलवार की सुबह भारत गौरव एक्सप्रेस ट्रेन जब चली गई तभी रेलवे चाबी मैन ने रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव देखा उसने मामले की जानकारी स्टेशन अधीक्षक जेपी शुक्ला को दिया उन्होंने कोतवाली पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस मौके पर पहचान करने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत

मुसाफिरखाना, अमृत विचार। बीती देर शाम कोतवाली क्षेत्र के बेसारा पश्चिम निवासी अशोक कुमार मौर्य एडवोकेट उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद मौर्य अपनी मोटरसाइकिल से आवश्यक कार्य हेतु दाउदपुर रिश्तेदारी जा रहे थे कि क्षेत्र के प्रतापगंज कस्थुनी निकट हाईवे पर आ रही बैगन आर कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार अधिवक्ता अशोक कुमार मौर्य की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक के भाई अखिलेश मौर्या की तहरीर पर कोतवाली पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। सूत्रों के मुताबिक मृतक अशोक कुमार मौर्य एडवोकेट स्थानीय बार एसोसिएशन संघ के कोषाध्यक्ष थे।

निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

संवाददाता, जगदीशपुर

हंगामा

▸▸ परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

अमृत विचार। प्रसव के लिए दर्द होने पर इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम पर ले जाने पर मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस को डॉक्टरो की लापरवाही से मौत की तहरीर दी है कोतवाली क्षेत्र के सुरपुर काशीपुर थाना मुसाफिरखाना निवासी राजकरन यादव ने अपनी तहरीर में बताया कि मेरी पत्नी संगीता अपने मायके गई थी जहाँ पर प्रसव के लिए पीड़ा होने पर एनएम सेंटर अढ़नपुर ले गए जहाँ पर हालत गम्भीर देख एक निजी नर्सिंग अस्पताल लेकर हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों की लापरवाही के चलते पत्नी की मौत हो गई जिसको लेकर परिजनों ने अस्पताल पर शव को लेकर हो हल्ला भी किया जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुचकर मामला शांत कराया कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिली है शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

आवास योजना में धांधली, डीएम से शिकायत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। संग्रामपुर विकास खण्ड के बनबीरपुर ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधान प्रतिनिधि की गई धांधली की ग्रामीण द्वारा अमेठी जिलाधिकारी से कर कार्यवाही की मांग की गयी है। बनबीरपुर ग्रामसभा तीन राजस्व गांव से मिलकर बना है जिसमे बनबीरपुर, बघौरा और छाछा शामिल है।

ग्राम सभा निवासी गीता देवी पत्नी सन्तोष कुमार यादव जो की राजस्व गांव बनबीरपुर की रहने वाली है उनकी प्रधानमन्त्री आवास की पहली टैगिंग 2018 में हुई थी। लेकीन जब आवास देने की बात आई तो प्रधान प्रतिनिधि ने ब्लाक के आधिकारी और कर्मचारी से मिलकर राजस्व गांव छाछा के अपात्र गीता पत्नी सन्तोष कुमार का आधारकार्ड लगाकर प्रधानमन्त्री आवास की पहली किस्त 40000 अपात्र गीता सन्तोष के खाते में डाल दिया गया। जबकि शासन द्वारा छाछा राजस्व गांव को 2014 की अखिलेश यादव की सरकार में लोहिया आवास घोषित किया गया था। इसलिए अब वहा पर कोई भी परिवार आवास के लिए पात्र नही है। बनबीरपुर की रहने वाली गीता देवी पत्नी सन्तोष कुमार यादव ने बताया कि जब हमारी पहली किस्त अपात्र गीता देवी के खाते पर गई तो हमने ग्राम प्रधान से कहा कि हमारा पैसा दुसरे के खाते में चला गया तो कुछ दिन दौड़ने के बाद प्रधान द्वारा हमे 30 हजार रुपये खाते में आर टी जी एस के माध्यम से दे दिया गया। और 10000 हमें नगद दिया गया लेकिन जब हमारे प्रधानमंत्री आवास की दूसरी टाइपिंग की गई तो 70000 की दूसरी किस्त भी अपात्र गीता संतोष के खाते में चली गई बाद में प्रधान से पूछने के बाद प्रधान ने बताया कि यह आवास सही जगह गया है जिसे दूसरी किस्त वापस नहीं हो सकती उसी समय हमने खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर को प्रार्थना पत्र दिया उसके बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद प्रधानमंत्री आवास की पात्र लाभार्थी ने मंगलवार को जिलाधिकारी को भी एक प्रार्थना पत्र दिया।

जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देता पीड़ित परिवार। अमृत विचार

सीएचसी में अल्ट्रासाउंड न होने पर मरीज मायूस

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। सीएचसी अमेठी में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली से मरीज परेशान हैं। मरीजों को सीएचसी में संचालित अल्ट्रासाउंड सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हफ्ते में दो दिन ही अल्ट्रासाउंड होने से प्राइवेट अल्ट्रासाउंड संचालकों की कमाई जोरों पर है। वही मरीज अल्ट्रासाउंड करवाने के भीषण गर्मी में अस्पताल का चक्कर लगा रहे है

अमेठी सीएचसी में अल्ट्रासाउंड कराने आये मरीजों को अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लटकता मिला। गर्भवती महिलाओं सहित बुजुर्ग व बच्चियां कक्ष के बाहर डॉक्टर के आने का घंटो इंतजार करती दिखी। वही अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए कक्ष के बाहर इंतजार कर रही अमेठी निवासी महिला सुनीता ने बताया कि उसके पेट दर्द बना रहता है डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा है वह करीब 25 दिनों से अल्ट्रासाउंड के लिए सीएचसी का चक्कर लगा रही है। जब भी वह सीएचसी अल्ट्रासाउंड के लिए आती हैं उसे अगले मंगलवार और शुक्रवार को आने को कहकर डेट दे दिया जाता हैं। वही दूसरे मरीज जमुना प्रसाद कश्यप रामगढ़ निवासी ने बताया कि डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा था वह आज 10 बजे अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल आया था कक्ष के बाहर ताला लटक रहा है।

एससी ने दो अदद फायर बुलट बाइक की कराई मॉकड्रिल

संवाददाता, गौरीगंज

अमृत विचार। महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश पर फायर सर्विस जनपद अमेठी को 02 अदद फायर बुलेट मोटर साईकिल रिजर्व स्टोर लखनऊ से प्राप्त हुई। मगंलवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा उक्त फायर बुलेट की मॉक ड्रिल कराकर इसके कार्य करने के तरीके का परीक्षण किया गया तदोपरान्त हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । इन वाहनों में आग बुझाने की समुचित व्यवस्था है मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से में हाई प्रेशर फायर पम्प लगा है और 40 लीटर क्षमता का वाटर टैंक स्थापित है जो होजरील से कनेक्ट किया गया है जिसमें गनब्रॉन्च लगा हुआ है इसकी सहायता से फव्वारा जैसा पानी का जेट मारकर सीट ऑफ़ फायर पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है। इसके साथ ही इसमें पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्यूशर भी लगा है जो छोटी आग को बुझाने में सहायक होता है।

फायर बुलट को रवाना करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

सीएमओ का आदेश तक नहीं मानते उनके मातहत

संवाददाता, तिलोई

अमृत विचार। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिये एक सप्ताह पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर के अधीक्षक का तबादला सीएचसी जगदीशपुर के लिये किया था लेकिन मातहत सीएमओ के आदेश को मानने को तैयार नही है और सीएचसी सिंहपुर के अधीक्षक डॉ सुनील यादव सिंहपुर का मोह नही त्याग पा रहे हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बीती उन्नीस जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर के अधीक्षक डा. सुनील यादव का तबादला सीएचसी जगदीशपुर करते हुये उन्हें चिकित्साधिकारी बनाया था और डा. संजय कुमार को सीएचसी सिंहपुर का अधीक्षक बनाया लेकिन एक सप्ताह का लम्बा समय बीत चुका है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश का मातहतों द्वारा अनुपालन नही किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ सुनील यादव का तबादला होने और डा. संजय कुमार के अधीक्षक बनने पर क्षेत्रीय नागरिकों मरीजों और तीमारदारों में बेहतर इलाज की आस जगी थी लेकिन मातहत सीएमओ के आदेश को ठेंगा दिखा कर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं।

रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठीं महिलाएं

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर मजरे करनाईपुर गाँव निवासी आधा दर्जन महिलाएं अपने बच्चों के साथ मंगलवार को रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर उमस भरी गर्मी में अमेठी एसडीएम कार्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दी। महिलाओं के आमरण अनशन पर बैठते ही तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। अमेठी एसडीएम आशीष कुमार सिंह ने महिलाओं से बात करते हुए 1 घंटे के अंदर रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया। जिस पर महिलाओं ने रास्ता खुलने के बाद अनशन समाप्त करने की बात कही। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर मजरे करनाईपुर निवासी महिला सुधा पत्नी कृष्ण कुमार कोरी पिछले दो सालों से समाधान दिवस से लेकर थाना दिवस व उपजिलाधिकारी तथा राजस्व विभाग से रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दे रही थी। लेकिन राजस्व लेखपाल व टीकरमाफी चौकी पुलिस की हीलाहवाली के चलते पीड़ित को आने जाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था।

एसडीएम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

ताला तोड़कर पार किये उपकरण

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय की स्मार्ट क्लास का ताला तोड़कर चोरों ने वहां रखे उपकरण पार कर दिए।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव शेरपुर अछिरछा स्थित उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय के प्रधान शिक्षक अशोक कुमार नें मंगलवार को थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा है कि शासनादेश के अनुसार गर्मी की छुट्टियों के बाद 25 जून से विद्यालय खोलने का आदेश था। इससे वह मंगलवार सुबह विद्यालय पहुंचे और मुख्य गेट खोलकर जब स्मार्ट क्लास खोलने गये तो उन्हें उसका ताला टूटा मिला और वहां रखे उपकरण व बैटरी आदि गायब थे।

सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ आंधी में बन सकते हैं जानलेवा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। सड़क किनारे जगह-जगह पर लगे सूखे पेड़ हादसों को दावत दे रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसके बाद भी वन विभाग इन पेड़ों का कटान नहीं कर रहा है। वन विभाग द्वारा हर क्षेत्र में वन रेंजर की तैनाती की गई है। जिनके पास क्षेत्र में घूमकर पेड़ों की स्थिति का जायजा लेकर सूखे पेड़ कटवाने की जिम्मेदारी होती है। लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका नतीजा यह है कि बांगरमऊ-लखनऊ राजमार्ग पर मियागंज से सफीपुर तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर दर्जनों सूखे पेड़ खड़े हैं। जो कभी भी तेज हवा चलने से गिरकर राहगीरों के लिये जानलेवा साबित हो सकते हैं।

सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़।

यह हो चुकी हैं घटनाएं

बीते अप्रैल माह में तेज हवा से आसीवन थानाक्षेत्र बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग किनारे शीशम के पेड़ की मोटी डाल टूटकर सड़क से निकल रहे थानाक्षेत्र के गांव महेंद्र निवासी अजय पर गिर गई थी। जिसमें वह बाइक समेत गिरकर घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सफ़ीपुर क़स्बे के पास एक पेट्रोलपंप से पहले वाहनों के पंचर बनाने वाली शीबू की दुकान के तिरपाल पर आम के पेड़ की टहनी गिर गई थी। वहां मौजूद लोग बाल-बाल बचे थे।

दुबई से बेटे का शव मंगवाने को पिता ने सीएम से लगाई गुहार

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के मजरा निजामखेड़ा निवासी एक युवक की विदेश में नौकरी करते हुए मौत हो गई थी। युवक के पिता ने मुख्यमंत्री से बेटे का शव विदेश से मंगाने की मांग की है।

सूबेदार।

निजामखेड़ा निवासी सूबेदार (26) बीते 5 वर्ष पूर्व दुबई मजदूरी करने गया था।

शादी के एक माह में उपलब्ध करानी होगी उपहारों की सूची

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अगर आप अपने बेटा-बेटी की शादी करने जा रहे हैं तो विवाह की तैयारियों की सूची में एक मद बढ़ा लीजिए। दोनों ही परिवारों को शादी के एक माह में वर-वधू को विवाह में दिए जाने वाले उपहारों की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को देनी होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश ने महिला कल्याण विभाग के निदेशक द्वारा जारी इस आदेश का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 में नकद धनराशि, गहने, कपड़े, मूल्यवान वस्तुओं में शामिल टीवी, फ्रिज, एसी, स्कूटर, मोटर साइकिल, कार, प्लाट व मकान आदि की मांग करना दंडनीय है। दोषी व्यक्ति को पांच वर्ष की कैद या 15 हजार से लेकर दहेज की रकम तक जुर्माना किया जा सकता है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग करने वालों को छह माह से दो वर्ष तक की सजा या 10 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक पंजीकृत या अपंजीकृत विवाह होने के एक माह में वर व कन्या पक्ष को शादी में वर-वधू को दिए गए उपहारों की स्वहस्ताक्षरित सूची कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी।

शिविर में महिलाओं को किया जागरूक

उन्नाव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रभारी अध्यक्ष व डीजे मो. असलम सिद्दीकी के निर्देश पर सदर तहसील सभागार में जागरूकता शिविर आयोजित किया। प्राधिकरण सचिव एडीजे मनीष निगम ने कहा कि लड़के व लड़कियों के बचपन के अनुभव काफी अलग होते हैं। लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक स्वतंत्रता मिलती है। जबकि लड़कियों पर पाबंदियां थोपी जाती हैं। आमतौर पर लड़कियों को शिक्षा, विवाह व सामाजिक रिश्तों संबंधी निर्णय करने की छूट नहीं दी जाती है। इससे बचपन के साथ पूरा जीवन प्रभावित होता है। यही कारण है कि विभिन्न कार्यस्थलों पर मात्र एक चौथाई से भी कम महिलाएं कार्यरत हैं।

हीलाहवाली पत्र प्राप्त होते ही स्थानांतरित सभी शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

कार्यमुक्त नहीं हुए 15 शिक्षक, लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीएसए की सख्ती के बाद भी स्थानांतरित एक दर्जन से अधिक शिक्षक गैर जिलों में पदभार संभालने को कार्यमुक्त नहीं हुए हैं। विभागाध्यक्ष ने दूसरी बार कार्यमुक्त न होने वाले शिक्षकों की सूची संलग्न करते हुए बीईओ को पत्र जारी कर अविलंब कार्यमुक्त आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षकों को कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर बीईओ को ही उत्तरदायी ठहराया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह शासन ने अंतर्जिला परस्परिक स्थानांतरण सूची जारी की थी। इसमें शिक्षकों को सीधे स्कूल से स्कूल स्थानांतरित किया गया था, जबकि पूर्व में जिले से जिला स्थानांतरण करते हुए काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों को नए जिले में विद्यालय आवंटित किए जाते थे। इसीलिए परस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन करने के बाद भी अब शिक्षक तबादले में मिले विद्यालय नहीं जाना चाहते हैं।

प्रायः दूरस्थ ब्लाकों में स्थानांतरित किए जाने से ही शिक्षक स्वयं को कार्यमुक्त कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है नए जिले में दूरस्थ विद्यालयों में कार्यभर ग्रहण कर वह स्वयं को ताउम्र के लिए फंसाना नहीं चाहते हैं।

हिलौली में संख्या सबसे अधिक

सबसे अधिक चार शिक्षक हिलौली ब्लाक क्षेत्र के कार्यमुक्त नहीं हुए हैं। इसी तरह असोहा, औरास व बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के दो-दो शिक्षकों को भी कार्यमुक्त नहीं किया जा सका है, जबकि बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, सिकंदरपुर कर्ण व सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के एक-एक स्थानांतरित शिक्षक कार्यमुक्त किए जाने हैं। वहीं आठ ब्लाक क्षेत्र के किसी भी विद्यालय में कार्यमुक्त आदेश अवशेष नहीं रह गया है।

शिक्षक नेताओं ने दिया संशोधन पर जोर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय व जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने बीते वर्ष तक लागू रही जिला से जिला स्थानांतरण किए जाने की प्रक्रिया की मांग की है। कहा कि इसके पूर्व स्थानांतरित शतप्रतिशत शिक्षक कार्यमुक्त पत्र लेकर नए जिलों को चले गए थे।

अतिक्रमणकारियों को पालिका ने दिया नोटिस

बांगरमऊ उन्नाव। नगर के संडीला मार्ग स्थित पालिका की नजूल की जमीन पर स्थित दुकानों के आगे अन्य दुकानदार अवैधानिक रूप से काबिज हैं। पालिका प्रशासन ने सोमवार को अवैध टिन शेड दुकानों पर नोटिस चस्पा कर अतिक्रमण जल्द हटा लेने का निर्देश दिया है। नजूल की भूमि पर स्थित पालिका की दुकानों के आगे ब्रजेंद्र, पिंटू, रवींद्र, मस्तराम, लालता, रामचंद्र, का बीते कई दशक से अवैध कब्जा है। अवैधानिक ढंग से काबिज इन दुकानदारों द्वारा टिन शेड का निर्माण कर दुकान का रूप भी दे दिया गया है। सोमवार को पालिका प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को भेजकर पालिका की दुकानों के आगे अवैधानिक ढंग से जबरन काबिज अस्थाई दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया।

सौंदर्यीकरण के नाम पर किया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमण दस्ते का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों को नाले और सड़क के बीच डूडा द्वारा सौंदर्यीकरण के नाम पर कराया गया निर्माण नजर नहीं आ रहा है। इसे लेकर व्यापारी नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है। कुछ माह पूर्व डूडा ने करीब सात लाख से आईबीपी चौराहा के पास सदर पुलिस चौकी के सामने नाले व सड़क के बीच सौंदर्यीकरण के नाम पर निर्माण कराया था। इस संबंध में पीओ डूडा एके सिंह ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्य कराया गया था। जबकि हकीकत यह है कि संबंधित स्थल पर सौंदर्यीकरण के तहत न पौधे लगाए गए और न ही कोई जागरूकता संबंधी निर्माण हुआ है। मौके पर चक्र के अलावा रेलिंग के अंदर एक स्टेचू लगाया गया है। इसके अलावा स्लोगन तक नहीं लिखवाए गए हैं। वाहन चालकों की जानकारी के लिए जरूरी अंगुली पर गिने जाने वाले चिह्न तो बने हैं लेकिन, इनका मतलब तक नहीं लिखा है। खास बात यह है कि निर्माण के महीनों बाद अब तक डूडा या पुलिस द्वारा इसका लोकार्पण भी नहीं कराया जा सका है।

● व्यापारी नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने साधी चुप्पी

शहर के मुख्य मार्ग स्थित सदर चौकी के बाहर किया गया सौंदर्यीकरण।

30 जून को विदा हो जाएगा 164 साल पुराना अंग्रेजी हुकूमत का कानून

रवि प्रकाश सिंह

प्रतापगढ़, अमृत विचार : आने वाली 30 जून को अंग्रेजों की हुकूमत के समय वर्ष 1860 में लागू आईपीसी की विदाई हो जाएगी। एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस के कामकाज का तरीका बदल जाएगा। मुकदमा लिखे जाने से लेकर विवेचना तक सब कुछ नए तौर तरीके से होगा। जिले के अधिकारियों का दावा है कि नए कानूनों के अनुसार काम करने के लिए पुलिस तैयार है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मुकदमों की पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ताओं को भी प्रशिक्षण देकर कानून की बारीकियां समझा दी गईं हैं।

तीन नए कानून आपराधिक -न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदल देंगे। भारतीय न्याय संहिता में कौन सा कृत्य अपराध है और उसके लिए क्या सजा होगी। यह तय किया गया है। अंग्रेजों की हुकूमत से लागू होने कली भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं जबकि अब 356 धाराएं होंगी। नए कानून में 21 नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं।नए कानून में सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और नौ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून लाने पर 14 धाराएं समाप्त की कर दी हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं हैं। अब तक इसमें 166 धाराएं हैं। मुकदमे के सबूतों को इकट्ठा करने, बयान दर्ज करने के बारे में इसी में बताया गया है। नए कानून में 24 धाराओं में बदलाव हुआ है। दो नई धाराएं जोड़ी हैं। - पुरानी छह धाराओं को समाप्त कर दिया है।

- **भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं, अब भारतीय न्याय संहिता में होंगी 356 धाराएं**
- **नए कानून में शामिल किए गए 21 नए अपराध,कानून के बारे में प्रशिक्षित किये जा रहे पुलिसकर्मी**

ये हैं तीन नए कानून

- **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023**
- **भारतीय न्याय संहिता 2023**
- **भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023**

अपराध का नाम	आईपीसी (धारा)	भारतीय न्याय संहिता(धारा)
हत्या	302	103(1)
जानलेवा हमला	307	109
दहेज हत्या	304 बी	80
दुष्कर्म	376	64
छेडछाड़	354	74
अपहरण	363	137(2)
नाबालिग का अपहरण	363	139
धोखाधड़ी	420	318
भ्रूण हत्या	313	89
गैर इरादतन हत्या	304 (ए)	106
आत्महत्या को उकसाना	306	108

तीन नए कानूनों को लागू करने के लिए जिला सहायक शासकीय अधिवक्ताओं को प्रशिक्षित कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य अधिवक्ता भी कानून को पढ़ रहे हैं। नए कानून लागू होने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

-योगेश शर्मा,जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी

शासकीय अधिवक्ताओं के साथ – साथ सामान्य अधिवक्ताओं को भी प्रशिक्षित किये जाने की जरूरत है। कार्यशाला आयोजित कर अधिवक्ताओं को नए कानून की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षित किया जाय। अचानक से नए कानून को लागू कर देना ठीक नहीं है।

-सन्तोष कुमार सिंह, महामंत्री – जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन)

नए कानून के बारे में सीतापुर जनपद में तीन दिवसीय प्रशिक्षण लेकर आया हूँ। बीएनएस 2023 की धाराओं के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। पुलिस की विवेचना का स्वरूप बदलेगा।

-राजकुमार मिश्र, उपनिरीक्षक

पुलिस को जुटाने होंगे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य

डीआईजी लॉजिस्टिक बालेन्दु भूषण सिंह ने बताया कि तीनों नए कानून लागू होने के बाद पुलिस को इलेक्ट्रानिक साक्ष्य जुटाने होंगे। अब रिकवरी और गिरफ्तारी दोनों की वीडियो बनानी है। अब तक किसी भी अपराध में जेल भेजे जाने वाले अपराधी को रिमांड पर लेने के लिए 15 दिन में विवेचक को तय करना होता था। नए कानूनों में इसके लिए 40 से 60 दिन का समय बढ़ा दिया गया है। इससे विवेचनाओं में मजबूत साक्ष्य जुटाने में मदद मिलेगी। अभियुक्तों के सजा होने का प्रतिशत बढ़ेगा। प्राथमिकी दर्ज कराने के तरीके में कुछ बदलाव होगा। एफआईआर के लिए सूचना किसी भी माध्यम से दी जा सकेगी। तीन दिन में सूचना देने वाले को थाने पर आकर लिखित में तहरीर देनी होगी। आईपीसी की धारा 497, 377 हटा दी गई हैं। 18 वर्ष से कम वालों को बालक की श्रेणी में रखा गया है।

भारतीय दंड संहिता की जगह नया कानून भारतीय न्याय संहिता लागू करना सही है। अब ट्रायल कोर्ट को अधिकतम तीन वर्ष में फैसला देना होगा। बीएनएस में कई अपराधों में सख्त सजा का प्रावधान है। कानून में संसोधन सही है लेकिन कार्यशाला आयोजित कर अधिवक्ताओं को प्रशिक्षित किये जाने की जरूरत है।

-रजनीश कुमार सिंह,अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद

हर ब्लाक में दो मॉडल गांव हों विकसित : मंडलायुक्त

समीक्षा बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्था का दिया निर्देश

संवाददाता, प्रयागराज।

मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अधिकारियों के साथ की मंडलीय समीक्षा बैठक।

अमृत विचारः मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान, सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों के प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल वृक्षारोपण से जुड़े स्थलों का चयन करने व गड्ढा खोदने के साथ-साथ अन्य तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने वृक्षारोपण अभियान व पौधों की सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना के लक्ष्य को सफल बनाने का निर्देश दिया है। मंडलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने सभी विभाग के अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों को समय-सीमा में निस्तारित करने का निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से बातचीत करके फीडबैक भी लेने के लिए कहा है। जमीन से जुड़े मामले की शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर दोनो पक्षों को सुनते हुए नजरी नक्शा बनाकर प्रकरण को निस्तारित किया जाए।

मण्डलायुक्त ने गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए बरसात में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण लगाने के लिए पशुचिकित्साधिकारियों कम निर्देश दिया है। इसके साथ ही हरे चारे की व्यवस्था के लिए गोवंश आश्रय स्थलों के आस-पास स्थिति ग्राम समाज की भूमि पर अभियान चलाकर हरा चारा बोये जाने को कहा है। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए 01 जुलाई से चलने वाले संचारी रोग अभियान के तहत साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई व नालियों की सफाई, जल-जमाव रोकने के लिए समय से कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओआरएस घोल की वितरण कराने के लिए कहा है।

रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक पकड़ा गया

प्रयागराज, अमृत विचार : प्रयागराज के होलागढ़ में रिश्वत लेते हुए राजस्व निरीक्षक को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथ पकड़ लिया गया। दखल दिहानी कराए जाने के एवज में राजस्व निरीक्षक ने छह हजार रुपये की रिश्वत पीड़ित से मांगी थी। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र मुन्नी लाल शर्मा निवासी तिलखवार, करछना, प्रयागराज राजस्व निरीक्षक पद पर होलागढ़ सोरांव तहसील में तैनात है। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता अचल कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी राजापुर चौबारा, थाना होलागढ़ से काम करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत अचल ने एंटी करप्शन टीम को कर दी। इसके बाद अचल राजस्व निरीक्षक को पैसे देने के लिए पहुंचा तो वहां एंटी करप्शन टीम भी मौजूद थी। जैसे ही अचल ने राजेंद्र कुमार को रुपये दिए टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

उप स्वास्थ्य केंद्र पर कब्जे की डीएम को भेजी रिपोर्ट

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

- **मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में बनी तीन दिवसीय टीम ने की जांच**

अमृत विचार : घूरपुर प्रथम स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कब्जा कराए जाने के मामले में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में बनी तीन दिवसीय टीम ने जांच पूरी कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। जांच रिपोर्ट में जसरा के निवर्तमान अधीक्षक और प्रयागराज के वर्तमान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरूण पाठक की मिलीभगत सामने आई है। इससे माना जा रहा है कि एसीएमओ पर गाज गिरना लगभग तय है। जांच कमेटी में सीआरओ कुमार पंकज, एसडीएम बारा व एसीएमओ डॉ. परवेज आलम शामिल थे।

लगभग छह माह पूर्व इसी मामले की जांच अपर निदेशक, स्वास्थ्य डॉ. केके वर्मा ने भी की थी। बीते 4 नवंबर को घूरपुर उपकेंद्र के मामले की जांच करने के लिए वह पहुंचे थे। माना जा रहा है कि घूरपुर उपकेंद्र पर कब्जा करने के प्रयास मामले में निवर्तमान जसरा अधीक्षक डॉ. तरूण पाठक की भूमिका संदिग्ध मिली थी। जांच रिपोर्ट में अपर निदेशक ने इस बात को लिखा भी था। शासन स्तर पर मामले की जांच दोबारा उच्चाधिकारियों से कराई गई। जिलाधिकारी ने इसके लिए सीआरओ को कमेटी का अध्यक्ष बनाया था। घूरपुर उपकेंद्र के मामले में शामिल एसीएमओ डॉ. तरूण पाठक करीब 20 सालों से प्रयागराज मंडल में ही तैनात हैं। जसरा सीएचसी के अधीक्षक पद पर वह लंबे समय तक रहे जबकि शासन का सख्त आदेश है कि अधिकारी एक जनपद में तीन साल व मंडल में 7 साल तक नहीं बना रह सकता है।

बाजार से घर लौट रही किशोरी से छेड़छाड़

गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बाजार से घर लौट रही किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर मोबाइल भी छीनकर फरार हो गया। फतनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार को दोपहर में करीब 12 बजे जगनीपुर बाजार से साइकिल से घर लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर किशोरी से मारपीट कर मोबाइल भी छीनकर फरार हो गया। आरोपी युवक सचिन चौहान पुत्र विजय चौहान बाल्हामऊ सुजानगंजजौनपुर के खिलाफ किशोरी ने फतनपुर थाने में तहरीर दी है। एसओ अभिषेक सिरोही ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

अमेजॉन कैशियर से बदमाशों ने लूटे साढ़े पांच लाख रुपये

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचारः नैनी के डभांव के समीप बाइक सवार बदमाशों एक सोमवार की देर शाम अमेजॉन कंपनी के कैशियर से साढ़े पांच लाख रुपए मारपीट कर लूट लिया। घटना के बाद बदमाश मौके से भाग निकले। कैशियर ने नैनी कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

औद्योगिक क्षेत्र के रहने वाले अनिल यादव अमेजॉन कम्पनी में कैशियर है। सोमवार की देर शाम वह अपने डभांव स्थित आफिस से बाईक लेकर लौट रहे थे। उस दौरान अचानक बईक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें डभांव के समीप रोक लिया। बदमाशों ने उन्हें मारापीटा और कैशियर के पास बैग मे रहे साढ़े पांच लाख रुपये लूट कर भाग निकले।

घटना के बाद कैशियर अनिल ने शोर मचाया लेकिन जब तक बदमाश रुपये से भरा बैग लेकर भाग चुके थे। कैशियर ने तत्काल नैनी पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके प्र पहुंची पुलिस कैशियर को अपने साथ लेकर काफी देर तक टहलती रही। लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका। भुक्तभोगी कैशियर ने नैनी कोतवाली मे लूट की तहरीर दी है। वही पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की मनाई गई जयंती

संवाददाता, कोरांव/नैनी

अमृत विचार : गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज में संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्मृतिशेष राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पूजा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रतिमा पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई एवं उप प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलेश तिवारी ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया। पूजन गया प्रसाद तिवारी ने संपन्न कराया।

कोरांव के गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती पर हवन करते लोग। अमृत विचार

- **गोपाल विद्यालय में हुआ पूजा पाठ का आयोजन, दी गई श्रद्धांजलि**

सभी अध्यापकों ने विद्यालय के संस्थापक को याद करते हुए नमन किया। साथ ही विधि विधान से पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बृजेश श्रीवास्तव, गोविन्द मिश्रा, डॉ. विद्याकांत तिवारी, डॉ. सन्त लाल मौर्य, गिरिजेश त्रिपाठी, अखिलेश शुक्ला, राजेश कुमार सिंह, विजय कृष्ण मिश्र, राकेश मिश्रा, सुनील शुक्ला, राजेश गौड़, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी, बालमुकुंद मिश्रा, नवीन दुबे के अलावा विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

कल से 5856 शिक्षकों को स्कूल आवंटन

प्रयागराज। अमृत विचारः परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 12460 सहायक अध्यापक भर्ती के तहत नियुक्ति पत्र पाने वाले 5856 सहायक अध्यापकों को गुरुवार से ऑनलाइन माध्यम से स्कूल आवंटित किया जाएगा स्कूल आवंटन की प्रक्रिया 29 जून तक पूरी करनी होगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने विद्यालय आवंटन के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किया है। शून्य जनपद विवाद का निर्धारण होने के बाद रिक्त 6470 पदों पर नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के आदेश पर जिलों में 30 दिसंबर और 7 जनवरी को क्रमशः 1796 वह 4060 कल 5856 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब अकूल आवंटन किया जाएगा।

नीलगाय को बचाने में गिरे बाइक सवार दंपति, बच्चे की मौत

जौनपुर। अमृत विचारः आरा मार्ग पर दुधौरा गांव के पास हुई एक घटना में बाइक पर सवार दंपत्ति के आगे अचानक नीलगाय आने से बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना में बाइक पर बैठे 3 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के कोहरौली निवासी विजय राजभर सोमवार की रात लगभग 9 बजे अपनी पत्नी इंदा देवी तथा पुत्र वंश (3) को बैठकर अपनी ससुराल गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचेवरा गांव जा रहा था। वंश बाइक पर आगे बैठा था। जौनपुर-आरा मार्ग पर दुधौरा गांव के पास अचानक बाइक के सामने नीलगाय आ गई। हड़बड़ी में ब्रेक लगाने की वजह से बाइक सड़क पर ही पलट गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया जहां वंश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने दिये निर्देश

संवाददाता, जौनपुर।

अमृत विचारः वित्तीय वर्ष 2023-24 में किये गये कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र माँदड़ की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने बैंक एवं शासन की योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की।

बैठक में ऋण जमानुपात, जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं एवं बैंक एटीएम, बैंक मित्रों के कार्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम, मुद्रा योजना, माइक्रो लोन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि की समीक्षा की और समस्त योजना में बैंक एवं विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में कृषि ऋण वितरण में यदि किसी बैंक/शाखा प्रबंधक द्वारा ऋण देने में कृषकों को परेशान किया जाता है या बिचौलिए की मिलीभगत की शिकायत पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजना की पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक शंकर चन्द्र सामंत, डीसी एनआरएलएम ओपी सिंह सहित जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षकों को मिलेगा ओपीएस का लाभ,जताई खुशी

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : केंद्र सरकार के ओपीएस मेमोरेंडम की तरह विज्ञापन के आधार पर एक अप्रैल 2005 के पहले के शिक्षकों एवं कार्मिकों को पेंशन विकल्प मिलेगा। प्रदेश सरकार के कैबिनेट ने इस पर सहमति दे दी है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए शिक्षकों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया। बीएसए कार्यालय परिसर में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा. विनोद त्रिपाठी ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली एवं सेंट्रल के समान प्रदेश में भी पेंशन मेमोरेंडम जारी करने की विगत दिनों सांसद, विधायक एवं एमएलसी गणों के माध्यम से समर्थन पत्र लिखवाया गया था। 28 मार्च 2005 पूर्व विज्ञापन पर नियुक्त हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना प्रदान करने पर मंत्रिमंडल की बैठक में सहमति बनी। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने इस निर्णय पर खुशी जताई। इस दौरान राजीव सिंह,नरेंद्र त्रिपाठी, ललित मिश्र सरस,सर्वेश सिंह, डा.अनिल त्रिपाठी आदि रहे।

प्रयागराज में चार बच्चों के गायब होने पर मचा हड़कंप

संवाददाता, प्रयागराज।

अमृत विचारः शहर के नाबालिग बच्चे और बच्चियों के गायब होने से चार परिवार में खलबली मच गई है। उनके परिजन अपने बच्चों की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। शहर के एयरपोर्ट धूमनगंज, जार्जटाउन और दारागंज पुलिस ने बच्चों के गायब होने पर एफआईआर दर्ज की है।

दारागंज कच्ची सड़क निवासी राकेश पटेल की 9 साल की बेटी शिल्पा 23 जून की शाम से गायब है। वहीं सैनिक कॉलोनी धूमनगंज से 13 साल का सचिन भी लापता है वह 23 जून की सुबह घर से निकला था, उधर जार्जटाउन से 16 साल की किशोरी भी लापता है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि 24 जून को उनकी बेटी ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी। उधर एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से 15 साल की किशोरी भी लापता है। परिजनों ने अंशु नाम के युवक पर अगवा करने का आरोप लगाया है। बताया कि बहला फुसला कर भाग ले गया होगा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चारों की तलाश में जुट गई है।

डयूटी के दौरान होमगार्ड की मौत : लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : लालगंज कोतवाली के बेलहा गांव निवासी 55 वर्षीय संतलाल गुप्ता लालगंज में होमगार्ड है। सोमवार की रात उदयपुर थाना क्षेत्र के राजापुर में ड्यूटी लगी थी। अचानक सीने में दर्द होने से उसकी तबीयत खराब हो गयी। साथी होमगार्ड ने पुलिस को सूचना दी और उसे लेकर इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी पहुंचे। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने होमगार्ड को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान होमगार्ड की मौत हो गयी।

सार-संक्षेप

प्रिंस राज कनौजिया की आल इंडिया में छठवीं रैंकिंग

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) । अमृत विचार : क्षेत्र के महोखर स्थित महादेव प्रभु स्कूल के हाईस्कूल टापर छात्र प्रिंस राज कनौजिया ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित होने पर आल इंडिया रैंकिंग में आठवां स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल , जिला व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हलिया क्षेत्र के बरयां गांव निवासी मुन्नीलाल का पुत्र प्रिंस राज कनौजिया ने महादेव प्रभु स्कूल से हाईस्कूल में 92 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था इसके बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा के घोषित परिणाम में आल इंडिया रैंकिंग में छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र के पिता मुन्नीलाल किसान कार्य करते हैं जबकि माता आशा देवी गृहणी है। महादेव प्रभु स्कूल के संचालक राजेश्वरी सिंह पटेल ने बताया कि आल इंडिया रैंकिंग में छठवां स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र प्रिंस राज कनौजिया को स्कूल के संचालक राजेश्वरी सिंह पटेल ने बधाई देते हुए मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया है। इस दौरान स्कूल के देव पटेल ने बधाई दिया है।

ज्यादा दिनों तक एसपी रहे सतपाल, अब डॉ.अनिल को कमान

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : जनपद में सबसे अधिक दिनों तक एसपी रहने का रिकार्ड यहां से मंगलवार को स्थानांतरित किये गए आईपीएस सतपाल अंतिल के नाम है। उन्होंने प्रतापगढ़ में लंबा ही सफल कार्यकाल विताया। अब शासन ने उनका प्रमोशन करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद बनाया है। 13 जुलाई 2021 को प्रतापगढ़ के पुलिस मुखिया बने सतपाल अंतिल यहां पर 1079 दिन का लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले एसपी रहे। उन्होंने वर्ष 1982 का रिकार्ड तोड़ा। उस समय आईपीएस ए . पलनिवेल दो साल 11 महीने (1070 दिन) रहे थे। वहीं प्रतापगढ़ के नए एसपी बनाए गए डा . अनिल कुमार पुलिसिंग के साथ चिकित्सा का भी हुनर रखते हैं। वह मूल रूप से झुंझनू राजस्थान के रहने वाले हैं व 2016 बैच के आईपीएस हैं। वह भदोही में एसपी रहे। इस समय चंदौली से स्थानांतरित होकर प्रतापगढ़ आ रहे हैं।

सतपाल अंतिल।

डा .अनिल कुमार।

बीएड प्रवेश परीक्षा : पवन ने प्रदेश में हासिल किया चौथा स्थान

संवाददाता ,पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार : बीएड प्रवेश परीक्षा में पट्टी क्षेत्र के परसनी गांव निवासी पवन कुमार चौरसिया ने 334 अंक पाकर प्रदेश चौथा स्थान प्राप्त किया है। जानकारी मिलने पर उनके पिता महेन्द्र चौरसिया समेत परिजनों ने मुंह मीठा कराकर बधाई दी। पवन ने हाईस्कूल राजाराम इंटर कालेज, इंटर पट्टी स्थित भारत सिंह इंटर कालेज व बीए सुरेश चन्द्र मिश्र डिग्री कालेज प्रतापगढ से किया था।

युवक ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) । अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र कुशियरा गांव निवासी दिव्यांग संदीप ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर पट्टा निरस्त होने की रंजिश को लेकर दो लोगों के खिलाफ मारने पीटने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया कि गांव निवासी दो युवकों ने सोमवार की शाम पट्टा निरस्त हो जाने की रंजिश को लेकर हलिया से वापस लौटते समय कुशियरा चौराहा पर रोककर गाली गलौज देने लगे। विरोध करने पर मुझे मारने लगे, जिससे आंख के पास व सिर में चोटें आई हैं। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि दिव्यांग की तहरीर मिली है मामले कि जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

विद्युतीकरण के लिए अधिशासी अभियंता को सौंपा प्रार्थना पत्र

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) । अमृत विचार : क्षेत्र के सिकटा गांव के ग्राम प्रधान सरला मिश्रा व बसन्त लाल सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता पूर्वांचल विधुत वितरण लिमिटेड को प्रार्थना पत्र देकर कई मजरों में छूटे हुए विद्युतीकरण कराने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि ग्राम पंचायत सिकटा अदवा फीडर हलिया विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा हुआ है, जिसमें संपूर्ण विद्युतीकरण किया गया है। ग्राम पंचायत के सिकटा, कोहार, बस्ती नंदू के घर से बसंत के घर तक मैकू लाल लाल मणि गुप्ता की वह राम सागर मौर्य,रौतिलिया हरिजन बस्ती, सिकटा, नागा टोला आदि मजरों में विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है, जो पोल लगे हुए हैं। जर्जर तार गिरकर टेढ़े हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है। उक्त संबंध में ग्राम प्रधान सरल मिश्र द्वारा कई बार लिखित व दूरभाष के माध्यम से विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आज तक अधूरे विद्युतीकरण का कार्य नहीं कराया गया है, जिससे लोगों को आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। अधिशासी अभियंता ने विद्युतीकरण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

मेले से पहले नीलामी से तय किये गए चढ़ोत्तरी के ठेकेदार

नायब तहसीलदार आदित्य कुमार मौर्य की देखरेख में हो रही नीलामी प्रक्रिया।

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की पंचमी से लगने वाला पांच दिवसीय मेले की मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी नायब तहसीलदार आदित्य कुमार मौर्य, मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ .विजय यादव की मौजूदगी में की गई। प्रेम नाथ दीक्षित, मुकेश कुमार दीक्षित, बुधई यादव, संतोष यादव, रमेश कुमार पांडे उर्फ रामू, वीरेंद्र कुमार निषाद, सजन लाल साहू, बड़कू सोनकर, महेश कुमार यादव, अर्जुन सोनकर, वेद प्रकाश पुष्पा कर समेत 11 लोग प्रक्रिया में शामिल हुए। नीलामी की नियम एवं शर्तें पढ़कर लोगों को सुनाकर 50 हजार की बोली से प्रक्रिया शुरू हुई। सजन लाल साहू ने 76 हजार रूपये की अंतिम बोली लगाई। वह मेले में चढोत्तरी के ठेकेदार बन गए। इस बार की बोली में 14 हजार का राजस्व बढ़ा है। ट्रस्ट के सचिव डॉ . विजय ने बताया कि 26 जून को एसडीएम भरत राम दीप प्रज्ज्वलित कर धार्मिक मेले का शुभारंभ करेंगे।

करंट की चपेट में आने से वृद्धा की मौत



रामधनी सरोज (फाइल फोटो)

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : लालगंज कोतवाली क्षेत्र के खपराही खैरा पूरे छेमी की 70 वर्षीय रामधनी सरोज पत्नी चंद्रकली घर पर अकेली रहती थी। सोमवार रात वह बरामदे में फर्राटा पंखा लगाकर सो रही थी। रात में वह उठी और चारपाई के पास से गए पंखे के खुले तार पर पैर रख दिया। खुले तार में करंट दौड़ने से वह करंट की चपेट में आ गई। आसपास कोई न होने की वजह से वृद्धा की मौके पर मौत हो गई। सुबह महिला के काफी देर तक न उठने पर आस– पास के लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी रानीगंज कैथोला सुरेंद्र ने बताया कि बुजुर्ग महिला की करंट से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में पैर में लगी गोली

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : अंतू इलाके में कलेक्शन एजेंट के साथ लूट हुई थी। इसके बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई थी। एसओजी टीम और थाने की पुलिस ने आसपास सुराग लगा कर रात करीब आठ बजे रामगढ़ी चौराहा अंतू पर पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान शहर की ओर से अंतू की ओर जाते हुए एक बाइक पर तीन युवक दिखाई पड़े। रोकने पर वह पुलिस पर फायरिंग करने लगे जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान अजमल नामक एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह वहीं पर गिर गया। दूसरा बदमाश शहबाज पकड़ा गया जबकि तीसरा भाग निकला। पुलिस ने घायल बदमाश को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ ही देर में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। घायल बदमाश से घटना के बारे में पूछताछ की। एएसपी ने बताया कि घायल बदमाश पर 10 से अधिक आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। वह काशीराम कॉलोनी का रहने वाला है, जबकि शहबाज बेगम वार्ड का है। घटनास्थल से भागे तीसरे बदमाश की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है।

मगरमच्छ ने नाले के पास चर रही बकरी को बनाया शिकार

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर) । अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के सुसुआड़ नाला के पास हलिया निवासी रामसागर की चर रही बकरीयों में मंगलवार को नौ बजे दिन नाले के पास की झाड़ियों के बीच से होते हुए मगरमच्छ ने एक बकरी को अपना नेवाला बना दिया। बकरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से मारना शुरू किया तब मगरमच्छ बकरी को छोड़ते हुए नाले में चला गया। इसके बाद बकरी की मौत हो गई। पशुपालक ने मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि नाले में पानी था। वहां पर मगरमच्छ का निवास होता है। जंगल में मवेशियों को लेकर लोगों को नहीं जाना चाहिए।

आज का मौसम

बादल छाए रहने एवं हल्की से बारिश होने की संभावना है

36.5° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

पिकअप ने साइकिल सवार छात्र को कुचला, मौत

मसौधा अयोध्या। अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर कोतवाली कैंट क्षेत्र के मऊ शिवाला बाजार के निकट मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार इंटर के छात्र को कुचल दिया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली कैंट प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सरियावां मजरे पहली का पुरवा निवासी पवन कुमार के बेटे लकी (15) के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। दुर्घटना करने वाली पिकअप समेत चालक को कब्जे में लिया गया। मृतक के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

मेडिकल कॉलेज में अब अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन से होगी जांच

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में अब अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन से जांच हो सकेगी। उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को लखनऊ से ही इसका वर्चुअली लोकार्पण किया। इस मशीन के संचालन से गंभीर से गंभीर मर्ज भी पता चल सकेगा। मंडल में संचालित होने वाली 128 स्लाइस की यह पहली मशीन है। कॉलेज के नए भवन के चौथे तल पर लोकार्पण का कार्यक्रम हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने शिलापट से पर्दा हटाकर लोकार्पण की औपचारिकता निभाई। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में हर तरह की दवा और जांच निशुल्क है। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, डॉ. प्रतिभा, डॉ. पीयूष, डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. साकेत व अन्य नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

एक रुपये में इलाज, नौ हजार की हवा

अयोध्या मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में बदइंतजामी, वार्डों में हवा है न पानी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में बड़ा झोल है। एक रुपये में इलाज तो मिल जा रहा है, लेकिन हवा और पानी के पैसे देने पड़ रहे हैं। आलम यह है कि मरीजों को गर्मी से बचने के लिए नौ-नौ हजार रुपये का कूलर खरीदकर लगाना पड़ा है। पेयजल की भी बड़ी किल्लत है। वॉटर कूलर खराब पड़े हैं। तीन मंजिले से उतर तीमारदारों को हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है। इस कारण कैंटीन वालों की भी चांदी हो रही है।

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में 300 बेड का अस्पताल संचालित होता है। भूतल व प्रथम तल पर बने कुछ वार्ड अब नए भवन में शिफ्ट किए जा चुके हैं। पुराने भवन में प्रथम तल पर मेडिसिन व द्वितीय तल पर बने आर्थो वार्ड में मरीजों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी और उमस में मरीज छटपटा रहे हैं। खिड़कियां तो हैं, लेकिन मरीजों ने बताया कि कभी खुलती नहीं है। सबसे ऊपर के आर्थो वार्ड में तपिश बहुत अधिक है। उमस के कारण भर्ती के साथ मौजूद तीमारदारों का भी बुरा हाल है। अस्पताल में दाखिल होने वाला मरीज अपने साथ फर्राटा पंखा लेकर पहुंच रहा है। कुछ ने तो कूलर ही खरीदकर लगा लिया है। कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज का कूलर काफी दिनों से बंद पड़ा है।

आर्थो वार्ड में भर्ती मसौधा के राकेश वर्मा ने बताया कि उनका पैर टूट गया था। वह 26 दिनों से भर्ती हैं। पंखा बहुत धीरे चल रहा था तो नौ हजार रुपये का कूलर खरीदकर लाया। 65 वर्षीय पन्ना लाल का गिरने से हाथ और पैर टूट गया था। बताया कि 12 दिन से भर्ती हैं। 2400 का फर्राटा पंखा खरीदकर लाना पड़ा। सोनबरसा के सहदेव के परिजनों ने भी बताया कि वार्ड में गर्मी बहुत है। इसलिए टेबल फैन खरीदकर मरीज के लिए लगाना पड़ा। ददेरा के रामअनुज की भी यही शिकायत रही।

आर्थो वार्ड का हाल बेहाल

मरीज राकेश ने नौ हजार रुपये के कूलर के बारे में बताते हुए।

मरीज पन्ना लाल ने गर्मी से बचने को 2400 रुपये में पंखा मंगवाया।

मेडिकल कॉलेज में निर्माण निगम के दफ्तर के पास हैंडपंप पर पानी भरने के लिए लगी लाइन।

पर्चा काउंटर के बाहर बंद पड़े वाटर कूलर में पानी देखते तीमारदार।

सूखा पड़ा एश्प्रा का वाटर कूलर।

पेयजल की बड़ी किल्लत कैंटीन संचालक की मौज

मेडिकल कॉलेज में पेयजल की बड़ी किल्लत हैं। नए व पुराने भवन के बीच में लगा वाटर कूलर ठप पड़ा है। पानी की टोटियां सूख चुकी हैं। पर्चा काउंटर के पास लगा वाटर कूलर भी बंद पड़ा है। लोगों को पानी के लिए निर्माण निगम ऑफिस के नजदीक हैंडपंप पर जाना पड़ता है। वहीं ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों को पानी कैंटीन से खरीदना पड़ता है। इससे संचालकों की मौज है। मेडिकल कॉलेज के सूत्र बताते हैं कि कैंटीन में पानी की बिक्री हो इसलिए वाटर कूलर खराब होने के बाद उसे जल्दी बनवाया नहीं जाता।

ऑर्थो वार्ड में खुलती नहीं खिड़कियां

दशरथ के नाम का हो रहा गलत इस्तेमाल

राम किशोर

मनकापुर से आए राम किशोर ने कहा कि महाराजा दशरथ हमेशा न्याय ही करते थे, लेकिन यहां तो उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। पानी की व्यवस्था ही नहीं है। ऊपर से नीचे आकर हैंडपंप से पानी भरना पड़ता है। तबीयत खराब होने का डर लगता है।

ठंडे पानी के लिए खर्च करने पड़ते 20 रुपये

अनीश प्रजापति

दर्शननगर के अनीश प्रजापति ने बताया कि उनके नाना भर्ती हैं। पानी की बड़ी परेशानी है। गर्मी में बार-बार ऊपर से नीचे आकर हैंडपंप से पानी भरने में हालत खराब जाती है। वाटर कूलर दोनों खराब पड़े हैं। ठंडा पानी पीने के लिए कैंटीन से 20 रुपये की बोतल लेनी पड़ती है।

> अभी कूलर खरीदे गए हैं। सभी वार्डों में लगवाए गए हैं। हर बेड के पास कूलर लगाने की व्यवस्था नहीं है। यह भी निर्देश दिया गया है कि पंखे अगर धीमे चल रहे हो तो बताएं, लेकिन कोई शिकायत नहीं आई। वाटर कूलर दोनों चल रहे हैं। हर मंजिल पर पानी की व्यवस्था है। अगर आप बता रहे हैं तो मैं चेक करवा लेता हूं। **-डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज**

बिजली के पाइप से आया राममंदिर में पानी : नृपेंद्र

अयोध्या कार्यालय

मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

अमृत विचार : राममंदिर में बारिश के पानी के रिसाव को लेकर पुजारी के द्वारा लगाए गए आरोप के बाद मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को सफाई दी है। उन्होंने बताया कि बिजली की अंडरग्राउंड वायरिंग में तार डाला जाना है, जिसको लेकर प्रथम तल पर पाइप खुली हुई है। पाइप के जरिए पानी आया है। दूसरा कारण बताते हुए कहा कि गूढ़ मंडप अभी बनाया जा रहा है। मंडप की छत निर्माणाधीन है।

द्वितीय तल के मंदिर पर जाकर छत पूरी होगी, लेकिन उसके पहले एक छाजन की व्यवस्था की गई है, जिस कारण नीचे पानी आया और लोगों ने भ्रम फैला दिया। मंदिर के निर्माण में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। कहा कि राम मंदिर में उच्चतम स्तर का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसके लिए सीबीआरआई रुड़की समय-समय पर निर्माण की जांच करती है। फिर सीबीआरआई के वरिष्ठ अभियंता निरीक्षण के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि गर्भगृह में भगवान के स्थान और श्रृंगार का ही जल होता है। साधु-संतों की राय थी कि भगवान के स्नान और श्रृंगार के जल को एक कुंड में एकत्रित किया जाए। श्रद्धालुओं को स्नान और जल की मांग के अनुरूप उपलब्ध कराया जाता है। पानी निकासी के लिए सभी मंडप में परनाला बनाया गया है। इसके अलावा मंदिर के फर्श को इस तरह से बनाया गया है, ताकि अपने आप पानी बाहर निकल सके। नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि मंदिर परिसर में पानी को लेकर की कोई समस्या नहीं है। मैं इसका स्वयं निरीक्षण किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत महुगढ़, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 24.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत महुगढ़, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री कय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टीशेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

विविध भारती पाण्डेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महुगढ
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

प्रज्ञान शुक्ला
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत महुगढ़
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

हनुमानजी के जीवन पर बन रही सेवन डी फिल्म

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय श्री रामकथा संग्रहालय में बनी डिजिटल रामायण गैलरी को 15 अगस्त तक पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। गैलरी में हनुमान जी के जीवन पर बन रही फिल्म का सेवन डी टेक्नोलॉजी में प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में राम मंदिर निर्माण के साथ मंदिर के तर्ज पर तैयार किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को दिव्य स्वरूप दिए जाने को लेकर भी मंथन किया गया। बैठक में राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के साथ दिल्ली से आए म्यूजियम एक्सपर्ट भी शामिल हुए। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा संचालित होने वाले अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो रहा है। योजना का एक कॉन्सेप्ट बना हुआ है, जो गैलरी में डिस्प्ले होगा। अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में तीन वर्ष पूर्व पर्यटन विभाग के द्वारा चार डिजिटल रामायण गैलरी को तैयार किया गया था, लेकिन पर्यटकों के लिए नहीं खुल सकी थी। अब इस संग्रहालय का संचालन राम मंदिर ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा। पहले से बने इस गैलरी को ट्रस्ट ने पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 15 अगस्त तक इसको शुरू कर दिया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत कोरांव–प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/न0पं0को0 / 2024–25 दिनांक – 10/06/2024

थोक कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जेनरेटर) सूचना

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्रालय द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रुल्स 2016 में उल्लिखित प्राविधानों के अनतर्गत नगर पालिका सीमान्तर्गत ऐस समस्त संस्थानों, होटल्स, मैरिज लॉन्स, विश्वविद्यालयों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों, वस स्टेशनों आदि जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरे का उत्पादन करते है, को बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में रखते हुए इनकी भूमिकाओं एवं उत्तरदायित्वों को निम्न रूप से निर्धारित किया गया है।

1. सभी बल्क वेस्ट जेनरेटर स्थानीय निकाय के साथ भागीदारी करके नियमानुसार स्त्रोत पर ही उत्पादकों द्वारा अपशिष्ट का पृथकिरण तीन विभिन्न प्रकारों में यथा जैव निम्नीकरण (बायोडीग्रेडेबल), अजैव–निम्नीकरणीय, (नॉन–बायोडीग्रेडेबल) खतरनाक घरेलू कचरे में सुनिश्चित करेंगे। पृथकीकृत कचरा को भिन्न रूप में संग्रहीत किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे। पृथकीकृत कचरा को भिन्न रूप में संग्रहीत किये जाने में सहायता प्रदान करेंगें और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थो को या तो अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहाँ तक संभव हो कचरे के जैव–निन्नीकरण (बायोडीग्रेडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव–मिथिनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित किया जायेगा। कचरे के अवशिष्ट अंश को स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशित अपशिष्ट संग्राहकों अथवा अभिकरण संस्था को सौंपा जायेगा।

2. प्रत्येक कचरा उत्पादक ठोस कचरा प्रबंधन हेतु ऐसे उपभोक्ता शुल्क का भुगतान करेगा जैसा कि स्थानीय निकाय की उपविधि में विनिर्दिष्ट किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति स्थानीय को सूचित किए बिना किसी भी अनुज्ञार्पित स्थल पर 100 से ज्यादा लोगों का न तो कोई समारोह आयोजित करेगा न ही इन्हे एकत्रित करेगा, यदि कोई संस्थान, होटल, मैरिज लॉन एवं अन्य उक्त प्राविधानों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोरांव–प्रयागराज

वर्ग पहेली-112

बाएं से दाएं

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

ऊपर से नीचे

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



वर्ग पहेली -111 का हल

	1 ओ	सा	2 ई		3 उ
			मा		के
4 वि	घ	ट	न	का	री
दे			दा		
श		5 का	री	ग	र
	6 मै				
7 मा	न	म	नु	हा	र

सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1		2			
	7					9		6
	5		9		8			
2		8	4			5	6	
	3	5				1	4	
	4	6			5	3		8
			5		6		2	
4		9					5	
			8		3			7

सुडोकू -24 का हल

4	2	8	3	9	6	7	5	1
9	1	3	5	7	2	4	8	6
6	7	5	1	4	8	2	9	3
8	5	4	9	1	7	3	6	2
1	6	2	4	8	3	5	7	9
7	3	9	6	2	5	8	1	4
3	8	1	2	5	9	6	4	7
5	9	6	7	3	4	1	2	8
2	4	7	8	6	1	9	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20.55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13.05 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

वृष — आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

मिथुन — आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।

सिंह — आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।

कन्या — आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।

तुला — आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

वृश्चिक — आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।

धनु — आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

मकर — आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।

कुंभ — आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

मीन — आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- ताल — सुबह : 09.33
- तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

&pictures
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.07
- यू-टर्न — रात : 08.00

SONY PIX
- क्लैश ऑफ द टाइटंस — सुबह : 10.19
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 08.59
- फुकरे 3 — रात : 07.50

colors CINEPLEX
- आरक्षण — सुबह : 11.18
- दृश्यम 2 — रात : 08.33

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08.33 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी, फ्रिज खोला, देखकर चौंक गई और पूछा -ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू – बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया। लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 800
रामपुर : शिवालिक-920 फ्लैग- 1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

ट्रेड-सेवा क्षेत्र, रोजगार एवं कौशल विशेषज्ञों ने की चर्चा

आम बजट की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री लगातार कर रही हैं उद्योग जगत व अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सुझाव व विचार रखे। साथ ही दूसरी बैठक में वित्त मंत्री ने रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इन बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारियों शामिल हुए। वहीं वित्त मंत्री बजट की तैयारियों को लेकर लगातार अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहीं हैं।

- चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारी भी हुए शामिल

सरकार से पीएलआई योजना लाने की मांग

नई दिल्ली। चमड़ा और फुटवियर निर्यातकों के संगठन ने सरकार से रोजगार सृजन, घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार चमड़ा उद्योग तक करने की मांग की। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र जालान ने वित्त मंत्री के साथ बजट-पूर्व बैठक में यह मांग रखी। साथ ही सीएलई ने नम नीले चमड़े, क्रस्ट (टैनिंग के बाद सुखाए गए) चमड़े और तैयार चमड़े पर आयात शुल्क में छूट देने का आग्रह किया। जालान ने कहा, पीएलआई के लाभ में 6,000 करोड़ का निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन शामिल होगा।

कर कटौती, शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने की मांग

नई दिल्ली। विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक दो घंटे चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, दो साल में बढ़कर 6.5 प्रतिशत होने से ब्याज दरें बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के निर्माताओं के लिए छूट दरों को 3 से 5 प्रतिशत तक बहाल किया जा सकता है।

मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि आशा, आंगनवाडी, मिड-डे मील और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में अंतिम वेतन का 50% और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

7 से 9% की दर से बढ़ सकता है एफएमसीजी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोग को बढ़ावा देने और रोजगार उत्पन्न करने वाली सरकारी पहल के दम पर रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की वृद्धि दर 7 से 9% रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी की क्षमता व मजबूत सरकारी समर्थन तथा डिजिटल बदलाव पहल के साथ इसे अनिश्चितताओं से पार पाने और मजबूती की स्थिति प्रदान करती है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एफएमसीजी निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में इसमें 7 से 9% की वृद्धि होगी। इस क्षेत्र को मुद्रास्फीति के दबाव, उपभोक्ता भरोसे में कमी तथा मौजूदा बेरोजगारी दर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एफएफसीजी का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव 9.1 लाख करोड़ से अधिक है। एफएफसीजी के लिए ऑनलाइन बिक्री माध्यम भी बढ़ रहे हैं....डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) जैसे खंड डिजिटल बदलाव और उपभोक्ता खरीद व्यवहार को दर्शाते हैं। कॉरपोरेट इंडिया रिस्क इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे डिजिटलीकरण ने उद्योग की क्षमता तथा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के प्रति इसको रेखांकित किया है।

- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	90900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,500
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71300
सिल्वर (पक्की)	887 (अनुमानित)

स्पेक्ट्रम नीलामी का पहला दिन सुस्त, 5 दौर में 11,000 करोड़ की लगीं बोलियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार 96,238 करोड़ के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहट्र्ज की कर रही है नीलामी

मोबाइल सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन मंगलवार को ठंडी प्रतिक्रिया मिली और पांच दौर की नीलामी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां ही लगाई गईं। सरकार 96,238 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इस नीलामी में दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियां बोलियां लगा रही हैं।

सूत्र के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों ने पहले दिन की स्पेक्ट्रम नीलामी में 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। नीलामी का छठा दौर बुधवार को होगा। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शिरकत कर रही हैं। दूरसंचार कंपनियां 5जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम हासिल करना चाह रही हैं। रिलायंस जियो ने इसके लिए सबसे अधिक 3,000 करोड़ की अग्रिम राशि जमा की है। इस आधार पर कंपनी बोली लगा सकती है। भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ की बयाना राशि जमा की है। पहले दिन की नीलामी रिपोर्ट के मुताबिक, बोलियां 900 और 1,800 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम के बैंड, तीन सर्किल में 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड के लिए भी लगाई गईं। भारती एयरटेल की छह सर्किल में स्पेक्ट्रम अवधि खत्म हो रही है जबकि वोडाफोन आइडिया के दो सर्किल में स्पेक्ट्रम खत्म हो रहे हैं।

पीएलआई के दायरे में परिधान क्षेत्र लाने पर विचार : कपड़ा मंत्री

नई दिल्ली। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ से अधिक की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर विचार कर रही है। सिंह ने भारत अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला में कहा कि कपड़ा के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य होना चाहिए। सरकार ने 2021 में कपड़े और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए 10,683 करोड़ के परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र को पीएलआई के लिए मंजूरी दी थी।

वृद्धि में बाधक नहीं है ब्याज दर, महंगाई के नियंत्रण पर रहेगा जोर : दास

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि ऊंची ब्याज दर आर्थिक वृद्धि को बाधित नहीं कर रही है। उन्होंने साफ किया कि मौद्रिक नीति का ध्यान मुद्रास्फीति को कम करने पर बना रहेगा। दास ने उद्योग मंडल बॉम्बे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि देश आर्थिक वृद्धि के स्तर पर प्रमुख संरचनात्मक बदलाव की दहलीज पर है। देश उस रास्ते पर बढ़ रहा है जहां सालाना आधार पर 8% वास्तविक जीडीपी वृद्धि बरकरार रखी जा सकती है। आमतौर पर यदि वृद्धि दर अच्छी है और यह बनी हुई है तो यह एक साफ संकेत है कि आपकी मौद्रिक नीति और आपकी ब्याज दरें वृद्धि के रास्ते में बाधा नहीं बन रही है। ऊंची ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होने पर जारी बहस के बीच दास ने कहा कि ऐसी चिंताएं निराधार हैं और वृद्धि की गति बनी हुई है। आरबीआई की नाउकास्टिंग टीम गतिशील तत्वों के आधार पर जून तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4% रहने का अनुमान है। यह केंद्रीय बैंक के अनुमान 7.3% से अधिक है। दास के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि 2024-25 में अर्थव्यवस्था आरबीआई के अनुमान 7.2% की दर से बढ़ेगी। दास ने आने वाले समय में मुद्रास्फीति में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शतरंज का उदाहरण दिया। उन्होंने साफ किया कि एक गलत कदम हमें राह से भटका सकता है।

राष्ट्रीय

कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र-संविधान पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं जबकि 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है।

खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं। 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो अघोषित आपातकाल का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी सरकारों को गिराना, 95% विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना - क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और तीन कानून पारित किए गए, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को एक कोने में शिफ्ट कर दिया गया, जब 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उन्हें सड़क पर बैठने के लिए मजबूर किया गया, तब सहमति शब्द कहां था। चाहे नोटबंदी हो, लॉकडाउन हो या फिर चुनावी बांड कानून हो, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन पर मोदी सरकार ने सहमति या सहयोग का इस्तेमाल नहीं किया। विपक्ष की तो बात ही छोड़िए, अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा गया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद कर दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र एवं संविधान का समर्थन किया है।

- उन्होंने सवाल किए- पार्टियों को तोड़ना, सरकारों को गिराना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं

एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला

नई दिल्ली। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। 1975 में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने एक्स किए पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर देश का प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह प्रधानमंत्री बनने योग्य नहीं है।

लंदन जाने वाले विमान में बम की धमकी, संदिग्ध पकड़ा गया

कोच्चि, एजेंसी

लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सोमवार देर रात बम की मिली धमकी तलाशी के बाद फर्जी निकली और प्राधिकारियों ने धमकी भरा फोन करने के संदेह में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान की अनुमति दी गयी। मुंबई में एअर इंडिया के कॉल सेंटर पर सोमवार देर रात उड़ान एआई 149 के लिए बम की धमकी का फोन आया। इस विमान को कोच्चि से लंदन के लिए उड़ान भरनी थी। सूचना रात 11.22 बजे मिली जो एअर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को दी गयी। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। हवाई अड्डे पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया, उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

नागपुर हवाई अड्डे को मिली दूसरी धमकी

नागपुर। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का ईमेल मिला था।

होर्डिंग गिरने के मामले में आईपीएस अधिकारी निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस प्रमुख की अनुमति के बिना मुंबई के घाटकोपर में जानलेवा होर्डिंग लगाने की मंजूरी देने के आरोप में आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद को मंगलवार को निलंबित कर दिया।

